ज्ञानामृत

संसार में ऐसे लोग थोड़े ही होते हैं,जो कठोर किंतु हित की बात कहने वाले होते है

महर्षि वाल्मीकि

# विजय मत

राष्ट्र को समर्पित

छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

www.vijaymat.com | रायपुर, रविवार, 01 मार्च 2026 | वर्ष- 09 | अंक- 62 | पेज- 08 | मूल्य- 1 रुपए/-

**होली से पहले अन्नदाताओं को बड़ी सौगात... मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर किसानों के खातों में की 10 हजार 324 करोड़ रुपए की राशि अंतरित**

## प्रदेश के किसानों के सम्मान और समृद्धि के लिए सरकार प्रतिबद्धः साय




**विजय मत, ब्यूरो रहंगी (बिल्हा), बिलासपुर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बिल्हा विकासखंड के रहंगी में आयोजित वृहद किसान सम्मेलन और आदान सहायता राशि वितरण समारोह में प्रदेश के 25.28 लाख किसानों के खातों में 10 हजार 324 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का अंतरण किया। इनमें बिलासपुर जिले के 1 लाख 25 हजार 352 किसान शामिल हैं, जिनके खातों में 494.38 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई। समारोह में मुख्यमंत्री सहित अतिथियों का पारंपरिक खुमरी और नांगर भेंटकर सम्मान किया गया तथा 'कृषक उन्नति योजना का वरदान, छत्तीसगढ़ का हर किसान धनवान' थीम पर आधारित वीडियो का विमोचन किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन किसानों के सम्मान का दिन है। उन्होंने कहा कि 25 लाख से अधिक किसानों ने धान बेचा है और सरकार ने होली से पहले उनके खातों में राशि अंतरित कर उन्हें त्योहार की सौगात दी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसान हितैषी है और किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रगतिशील योजनाएं लागू की जा रही हैं। इस वर्ष बारदाने की कोई समस्या नहीं आई और भुगतान समय पर हुआ।

### शून्य प्रतिशत ब्याज ऋण और सर्वाधिक धान मूल्य



मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण की सुविधा दी जा रही है और लाखों किसान किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ उठा रहे हैं। प्रदेश में धान की सर्वाधिक कीमत देने की व्यवस्था की गई है। भूमिहीन कृषि मजदूरों के खातों में भी राशि अंतरित की जा रही है। खाद पर सब्सिडी, सिंचाई विस्तार और सहकारिता को लाभकारी बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों को 6 हजार रुपए सम्मान निधि प्रदान की जा रही है और राज्य सरकार भी 6 हजार रुपए जोड़कर कुल 12 हजार रुपए प्रतिवर्ष दे रही है। इस वर्ष के बजट में कृषि के लिए 13 हजार करोड़ रुपए से अधिक का प्रावधान किया गया है।

### सीएम संग संवाद में झलका किसानों का उत्साह

मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से विभिन्न जिलों के किसानों से संवाद किया। जगदलपुर की बसंती कश्यप ने बताया कि उनके खाते में 36 हजार रुपए आए हैं। कोरबा के सुखन साय को 53 हजार रुपए मिले, जबकि जांजगीर के किसान समर्थ सिंह को 1.41 लाख रुपए की अंतर राशि प्राप्त हुई। किसानों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

### 263 करोड़ से अधिक के विकास कार्य

मुख्यमंत्री ने जिले के विकास को नई गति देते हुए 15.99 करोड़ रुपए लागत के 7 कार्यों का लोकार्पण और 247.18 करोड़ रुपए लागत के 82 कार्यों का शिलान्यास किया। साथ ही 79.92 करोड़ रुपए लागत के 14 कार्यों का रिमोट से लोकार्पण किया गया। विभिन्न सड़कों, विद्यालयों, छात्रावासों और स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण कार्यों को गति देने की घोषणा की गई। उन्होंने चकरभाटा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन, मंगला में माध्यमिक शाला को हाई स्कूल में उन्नयन तथा रहंगी के खेल मैदान में बाउंड्रीवॉल और मंच निर्माण की घोषणा की। सतनामी समाज और आदिवासी समाज के सामुदायिक भवनों के लिए 50-50 लाख रुपए देने की भी घोषणा की गई।

## न्यूज इन शॉर्ट

### होली से पहले रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों पर बढ़ी भीड़, नई दिल्ली स्टेशन पर यात्रियों के लिए बेहतर इंतजाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** होली के नजदीक आते ही रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर भीड़ बढ़ाना शुरू हो गई है। दूर-दराज से आकर दिल्ली में काम करने वाले लोग शनिवार से ही अपने-अपने गंतव्य की ओर रवाना होने लगे हैं।इसको लेकर रेलवे ने भी कमर कसनी शुरू कर दी है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बैरिकेडिंग की गई है। जगह-जगह सुरक्षा के इंतजाम हैं। काउंटर बढ़ाकर लाइनें अलग-अलग कर दी गई हैं। यात्री आसानी से स्टेशन में प्रवेश कर पा रहे हैं। विशेष होल्डिंग एरिया और फर्स्ट एड बूथ बनाए गए हैं। साथ ही उत्तर रेलवे ने होली पर अतिरिक्त स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। यह ट्रेनें फरवरी के अंत से मार्च के मध्य तक विभिन्न तिथियों में संचालित होंगी।




### इंडिगो और एअर इंडिया ने जारी की ट्रैवल एडवाइजरी, कहा- पश्चिम एशिया की स्थिति पर रख रहे नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडिगो एयरलाइंस ने शनिवार को यात्रियों के लिए परामर्श (एडवाइजरी) जारी किया। इसमें कहा गया कि वह क्षेत्र में बदले बदलते भू-राजनीतिक माहौल के बीच ईरान और उसे हवाई क्षेत्र से जुड़े अपडेट पर नजर बनाए हुए है। इसके अलावा, एअर इंडिया ने भी ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में इंडिगो ने कहा, 'हम ईरान और उसके हवाई क्षेत्र से जुड़े अपडेट पर करीब से नजर बनाए हुए हैं।




### दिल्ली में गर्मी ने जल्द दे दी दस्तक, बीते 2 साल का रिकॉर्ड टूटा, शनिवार रहा सबसे गर्म दिन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में बारिश नहीं होने और मौसम शुष्क रहने से इस बार गर्मी ने जल्दी दस्तक दे दी है। आलम यह है कि फरवरी माह में ही गर्मी ने पसीने छुड़ा दिए हैं। ऐसे में बीते 2 साल के बाद शनिवार का दिन सबसे गर्म दर्ज किया गया। मौसम विभाग के आकंड़ों के अनुसार, साल 2025 में 26 फरवरी को दिन का तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस और 19 फरवरी 2024 में 29.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। दूसरी ओर शनिवार को अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन का भी सबसे अधिक पारा रहा।



### बंगाल में कटे 5.46 लाख वोटर्स के नाम, निर्वाचन आयोग के आंकड़े जारी, नई सूची में 70.45+ मतदाता

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद तैयार की गई मतदाता सूची में मतदाताओं की संख्या 7.04 करोड़ से अधिक है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने शनिवार को यह जानकारी दी। अग्रवाल ने पत्रकारों को बताया कि एसआईआर के दौरान फॉर्म-7 के जरिये 5.46 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए गए। वहीं, फॉर्म-6 और फॉर्म 6-ए के जरिये 1.82 लाख से ज्यादा नए मतदाताओं को सूची में जोड़ा गया। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण की प्रि या के दौरान 58 लाख से अधिक गणना फॉर्म प्राप्त नहीं हो सके। इनमें मृत मतदाता, स्थानांतरिक हो चुके मतदाता और दोहराए गए नामों के मामले शामिल हैं।



**प. एशिया में जंग... तेहरान से दुबई तक युद्ध की आंच**

## अमेरिका-इजराइल हमलों में 201 मौतें, 747 घायल

**तेल अवीव/तेहरान, एजेंसी**

ईरान की ईरान रेड क्रीसेंट सोसाइटी के अनुसार अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमलों में अब तक 201 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 747 से अधिक घायल हुए हैं। संगठन के प्रवक्ता ने मेहर न्यूज एजेंसी को बताया कि देश के 24 प्रांत इन हमलों से प्रभावित हुए हैं। राहत और बचाव के लिए 220 से अधिक टीमें तैनात की गई हैं और मलबे में फंसे लोगों को निकालने का अभियान जारी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक शनिवार सुबह तेहरान सहित कई शहरों पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए गए। ईरानी एजेंसियों का दावा है कि दक्षिणी क्षेत्र में एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 85 छात्राओं की मौत हुई और 45 घायल हो गई।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वीडियो संदेश जारी कर कहा कि कार्रवाई नागरिकों की सुरक्षा के लिए की गई। जवाबी कदम उठाते हुए ईरान ने इजराइल पर लगभग 400 मिसाइलें दागीं और कतर, कुवैत, जॉर्डन, बहरीन, सऊदी अरब तथा यूएई में स्थित अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाने का दावा किया। दुबई पर हमले की भी खबरें सामने आई हैं, जिससे क्षेत्रीय तनाव और गहरा गया है।

### ईरान ने भी इजराइल-दुबई पर दागीं 400 मिसाइलें



### अमेरिका और इजराइल का जॉइंट मिलिट्री एक्शन

इजराइल ने ईरान के खिलाफ अपने नए अभियान का नाम लियोनस् रोर (शेर की दहाड़) रखा है। ये हमला ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु हथियारों को लेकर चल रही बातचीत के बीच हुआ है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने हाल ही में ईरान पर हमले की धमकी दी थी। ट्रम्प के मुताबिक, अमेरिकी सेना ईरान की मिसाइलों को तबाह करने और उसके मिसाइल प्रोग्राम को खत्म करने की कोशिश कर रही है।

### कतर के अमीर ने सऊदी प्रिंस एमबीएस से फोन पर बात की

कतर के अमीर ने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस से फोन पर बात की और मौजूदा हालात पर चर्चा की। दोनों ने कहा कि हालात को और बिगड़ने से रोकना चाहिए और तुरंत तनाव कम कर बातचीत शुरू करनी चाहिए। सऊदी अरब ने कतर का पूरा समर्थन किया और कतर पर मिसाइल हमले की निंदा की। उसने कहा कि वह कतर की सुरक्षा के लिए हर संभव मदद करेगा।

### ओमान ने तुरंत यूएनएससी की बैठक बुलाने की मांग की

ओमान ने कहा है कि अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद हालात बहुत बिगड़ सकते हैं और इसका असर पूरे इलाके पर पड़ सकता है, जिसे संभालना मुश्किल हो जाएगा। विदेश मंत्रालय ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से तुरंत बैठक बुलाने की मांग की है, ताकि युद्धविराम कराया जा सके और दुनिया के देश खुलकर अंतरराष्ट्रीय कानून के समर्थन में खड़े हों।

### फ्लाइट कैंसिल होने से मध्यप्रदेश के 100 से ज्यादा लोग दुबई में फंसे

ईरान पर इजराइल और अमेरिका की स्ट्राइक के बीच दुबई की मशहूर और दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा के पास ड्रोन हमला हुआ। हमले के बाद दुबई के सभी एयरपोर्ट्स को बंद कर दिया गया है। यहां से आने-जाने वाली सभी फ्लाइट्स अनिश्चितकाल के लिए रद्द कर दी गई हैं। इजराइल-ईरान जंग का असर मध्य प्रदेश के यात्रियों पर भी पड़ा है। दुबई के शारजाह से इंदौर आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट IX-256 रद्द हो गई है। कल की फ्लाइट IX255 (IDR–SHJ) और IX256 (SHJ–IDR) भी कैंसिल कर दी गई हैं। इससे मध्य प्रदेश के 100 से ज्यादा यात्री दुबई और शारजाह एयरपोर्ट पर फंस गए हैं। जानकारी के मुताबिक, शारजाह से इंदौर के लिए फ्लाइट यूएई टाइम के हिसाब से दोपहर 12.20 बजे निकलने वाली थी, लेकिन आखिरी मिनट में कैंसल कर दी गई। पैसेंजर्स को एयरपोर्ट पहुंचने पर इस बारे में पता चला। कई पैसेंजर्स पहले ही दुबई पहुंच चुके थे। शारजाह से इंदौर के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट्स तय थीं। वे भी वहीं फंसे हुए हैं।

### भारतीयों के लिए अलर्ट, घरों में रहने की सलाह


तेहरान में भारतीय दूतावास ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एडवाइजरी पोस्ट की है। इसमें कहा गया है, "मौजूदा हालात को देखते हुए ईरान में सभी भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे बहुत सावधान रहें, बिना वजह घर से बाहर न निकलें और जितना हो सके घर में ही रहें। दूतावास ने आगे कहा कि भारतीय नागरिक खबरों पर नजर बनाए रखें और अगले निर्देशों का इंतजार करें। वहीं, इस्राइल में रह रहे भारतीयों के लिए भी भारतीय दूतावास ने एडवाइजरी जारी की है। दूतावास ने कहा है कि सभी भारतीय बहुत सावधानी बरतें और हर समय सतर्क रहें। भारतीय नागरिकों को इस्राइली अधिकारियों और होम फ्रंट कमांड द्वारा जारी सुरक्षा दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी गई है।

**साणंद में माइक्रोन का सेमीकंडक्टर प्लांट का शुभारंभ**

## भारत तेजी से बन रहा वैश्विक चिप वैल्यू चेन का अहम हिस्साः मोदी

**अहमदाबाद, एजेंसी**

पीएम मोदी ने कहा कि भारत तेजी से वैश्विक सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनता जा रहा है। उन्होंने गुजरात के साणंद में माइक्रोन सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सेमीकंडक्टर असेंबली, टेस्टिंग और पैकेजिंग सुविधा का उद्घाटन करते हुए इसे देश की तकनीकी नेतृत्व यात्रा में एक बड़ा मील का पत्थर बताया। इससे पहले मोदी का रोड शो हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उमड़े और प्रधानमंत्री का स्वागत किया। यह भारत के सेमीकंडक्टर मिशन के तहत मंजूर पहला प्रोजेक्ट है, जिसकी लागत 22,500 करोड़ रुपये से अधिक है।




### एआई क्रांति में सेमीकंडक्टर की अहम भूमिका है

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह एआई क्रांति का दौर है और सेमीकंडक्टर इस क्रांति का प्रमुख आधार है। उन्होंने जोर दिया कि इस एटीएमपी सुविधा में व्यावसायिक उत्पादन की शुरुआत से वैश्विक सप्लाई चेन में भारत की भूमिका और मजबूत होगी।

### सप्लाई चेन को लेकर मोदी ने क्या कहा?

मोदी ने भारत-अमेरिका सहयोग को भी अहम बताते हुए कहा कि एआई और चिप्स जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों की साझेदारी वैश्विक सप्लाई चेन को सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि दुनिया इन दोनों महत्वपूर्ण तकनीकों की सप्लाई चेन को सुरक्षित करने की दिशा में प्रयास कर रही है और भारत व अमेरिका इस दिशा में मिलकर काम कर रहे हैं।

### जीतकर भी विश्वकप से बाहर पाकिस्तान

**कोलंबो, एजेंसी।** पवन रत्नायके और दसुन शनाका की अर्धशतकीय पारियों की मदद से श्रीलंका ने पाकिस्तान का सेमीफाइनल में पहुंचने का सपना तोड़ दिया। शनिवार को पल्लेकेले में खेले गए सुपर-8 के अपने आखिरी मुकाबले में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पाकिस्तान को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। साहिबजादा फरहान की शतकीय और फखर जमां की अर्धशतकीय पारियों की मदद से पाकिस्तान ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 212 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम ने निर्धारित ओवरों में छह विकेट पर 207 रन बनाए।

**राहुल गांधी की पंजाब कांग्रेस को चेतावनी**

### टीम प्लेयर बनो, वरना मैं ठीक कर दूंगा, पार्टी से बड़ा कोई भी नहीं

**बरनाला, एजेंसी**

पंजाब के बरनाला में शनिवार को कांग्रेस की मजदूर महारैली हुई। इसमें राहुल गांधी ने पंजाब कांग्रेस में गुटबाजी को लेकर नेताओं को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी को मैसेज देना चाहता हूं कि काम टीम वर्क से होता है। एक प्लेयर गेम नहीं जीत सकता है। हमारे पास पूरी टीम बैठी है। मैं मैसेज देना चाहता हूं कि टीम प्लेयर बनो। वरना रिजर्व में बैठा देंगे। राहुल गांधी ने कहा कि चाहे आप कितने भी बढ़े हो, पार्टी से बड़ा कोई नहीं है। आप टीम प्लेयर बनो। नहीं बने तो मैं और खड़गे आपको ठीक कर देंगे। यहां सारे सीनियर नेता बैठे हैं। मैं इनको बताना चाहता हूं कि हमारी सच्ची शक्ति हमारे कार्यकर्ता हैं। जो भी होगा पंजाब में इनकी रिस्पेक्ट से होगा। उन्होंने कहा कि 4 महीने से अमेरिका-भारत डील रुकी थी।



## काकीनाडा में पटाखा फैक्टरी में धमाका 21 की मौत, छह लोगों की हालत गंभीर

**काकीनाडा (आंध्र प्रदेश), एजेंसी**

आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में स्थित एक पटाखा निर्माण इकाई में हुए भीषण विस्फोट में 21 लोगों की मौत हो गई है। पुलिस और राहत दलों ने मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया है। प्रशासन ने आशंका जताई है कि मलबे में दबे लोगों के कारण मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। राज्य की गृह मंत्री वंगालपुडी अनीता ने 21 लोगों की मौत की आधिकारिक पुष्टि करते हुए बताया कि कई घायलों को स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। उनके अनुसार, छह घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज जारी है। विस्फोट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि आसपास के इलाके में दहशत फैल गई और फैक्टरी का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस और अग्निशमन दल मलबा हटाकर फंसे लोगों की तलाश में जुटे हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, विस्फोट के समय फैक्टरी में करीब 20 लोग काम कर रहे थे।



### मुख्यमंत्री ने जताया शोक

राज्य के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने अपने आधिकारिक संदेश में कहा कि काकीनाडा जिले के वेतलापलेम गांव में पटाखा निर्माण इकाई में हुआ विस्फोट अत्यंत दुखद और विचलित करने वाला है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से तत्काल रिपोर्ट तलब कर पीड़ितों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

**न्याय व्यवस्था के लिए चिंताजनक संकेत...**

## 93 प्रतिशत कानून के छात्र कॉरपोरेट में जा रहे, अदालतों को भी प्रतिभाशाली युवा वकीलों की जरूरतः सीजेआई

**अहमदाबाद, एजेंसी**

भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कानून के छात्रों के बड़े पैमाने पर कॉरपोरेट क्षेत्र की ओर रुख करने पर चिंता जताई है। गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के 16वें दीक्षांत समारोह में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यदि 93 प्रतिशत छात्र अदालतों में वकालत करने के बजाय कॉरपोरेट कंपनियों में नौकरी चुन रहे हैं, तो यह न्याय व्यवस्था के लिए चिंताजनक संकेत है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों का उद्देश्य केवल कॉरपोरेट पेशेवर तैयार करना नहीं, बल्कि सक्षम वकील और न्यायाधीश तैयार करना भी है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारतीय न्यायपालिका को प्रतिभाशाली युवा अधिवक्ताओं की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कक्षा में जो पढ़ाया जाता है वह आवश्यक है, लेकिन वास्तविक सीख अदालतों में काम करने से मिलती है।



### पढ़ाई और पेशे की वास्तविकता अलग

मुख्य न्यायाधीश ने अपने शुरुआती अनुभव साझा करते हुए कहा कि किताबों में पढ़ा गया कानून और अदालत की वास्तविकता में स्पष्ट अंतर होता है। उन्होंने कहा कि किताबें सिद्धांत सिखाती हैं, लेकिन अदालत में समय-सीमा, दबाव और अप्रत्याशित परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। मूट कोर्ट में छात्र संरक्षित वातावरण में बहस करते हैं, जबकि वास्तविक अदालत में परिस्थितियां आपके नियंत्रण में नहीं होतीं।

### शुरुआत में 'टिके रहना' जरूरी

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि करियर के शुरुआती वर्ष सबसे अधिक सिखाने वाले होते हैं। उन्होंने कहा कि एक अधिवक्ता को यह सीखना पड़ता है कि केस हारने की स्थिति में भी मुवक्किल का विश्वास कैसे बनाए रखा जाए। अदालत में टिके रहना और लगातार सीखते रहना ही सफलता की कुंजी है।

प्रधान संपादक- विजय शुक्ला। कार्यालयः ■ रायपुर ■ बिलासपुर ■ दुर्ग ■ धमतरी ■ बस्तर ■ कवर्धा ■ कांकेर ■ कोरबा ■ कोरिया ■ जशपुर ■ जांजगीर-चाम्पा ■ मनेंद्रगढ ■ मोहला-मानपुर ■ दन्तेवाड़ा ■ महासमुन्द ■ राजनांदगांव ■ रायगढ़ ■ सरगुजा ■ बलौदाबाजार ■ बालोद ■ मुंगेली ■ बेमेतरा ■ सूरजपुर ■ गरियाबंद ■ सुकमा ■ बलरामपुर ■ कोंडागाँव ■ नारायणपुर

## संक्षिप्त समाचार

### श्री श्री राधा कृष्ण मंदिर के स्वागतद्वार का भूमि पूजन संपन्न,पालिकाध्यक्ष रूबी सिंह ने रखी आधारशिला



**विजय मत/किरन्दुल।** किरन्दुल वार्ड क्रमांक 4 स्थित श्री श्री राधाकृष्ण मंदिर परिसर में नए भव्य स्वागतद्वार के निर्माण हेतु शुक्रवार सुबह विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ।कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेंद्र सिंह ने पूजा-अर्चना कर स्वागतद्वार निर्माण की आधारशिला रखी।इस अवसर पर अध्यक्ष रूबी शैलेंद्र सिंह ने कहा कि यह स्वागतद्वार मंदिर की आस्था, गरिमा और भव्यता को नई पहचान देगा। उन्होंने कहा, श्री राधाकृष्ण मंदिर नगर की धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र हैं। यहां प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। स्वागतद्वार बनने से मंदिर की सुंदरता और बढ़ेगी तथा बाहर से आने वाले भक्तों के लिए यह आकर्षण का विशेष केंद्र बनेगा।नगर पालिका मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण और धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेगी।

### पशुपतिनाथ मंदिर का 15वां स्थापना दिवस भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न



**विजय मत/किरन्दुल।** ग्राम पंचायत कोड़ेनार रिंग रोड नम्बर 04 स्थित पशुपतिनाथ मंदिर का 15वां स्थापना दिवस शनिवार को श्रद्धा और भक्ति एवम उमंग सहित मनाया गया।स्थापना के 15 वें वर्ष में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना में शामिल हुए। सुबह शिवलिंग का रुद्राभिषेक,पूजन और हवन किया गया।पशुपतिनाथ मंदिर सेवा समिति एवं गायत्री प्रज्ञा मंडल सेवा समिति किरंदुल के संयुक्त तत्वाधान में 5 कुंडीय गायत्री यज्ञ का आयोजन हुआ,जिसमें अनेक भक्तों ने भाग लिया।गायत्री परिवार की टोली ने मां दुर्गा , महालक्ष्मी और माँ सरस्वती के स्वरूप में मां गायत्री का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन कराया।विधि-विधान से आकाश,पृथ्वी,वायु, अग्नि और वरुण देव का आह्वान किया गया। पूजा के दौरान गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र से आहुति दी गई तथा विश्व कल्याण की कामना की गई।दोपहर को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया,जो देर शाम तक चलता रहा।नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### धमतरी में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

**विजय मत/धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशों एवं जिला आबकारी अधिकारी निरुपमा लोनहरे के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 110 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब तथा 2500 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आबकारी टीम ने मगरलोड क्षेत्र अंतर्गत पहांदा नाला एवं सिंगपुर नाला में दबिश देकर अवैध शराब निर्माण और भंडारण पर कार्रवाई की। मौके से कुल 110 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब एवं 2500 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। इस संबंध में आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 59(क) के तहत 02 प्रकरण कायम किए गए हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उक्त कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक आशीष ध्रुव (वृत्त प्रभारी, मगरलोड) एवं आबकारी उपनिरीक्षक (परि) गिरिजा शंकर बघेल की विशेष भूमिका रही।

# लुप्त होती परंपरा को बचा रहा है सोरी परिवार, 'सील-लोढ़ा' और 'जाता मुसर' से जुड़ी है शादी की रस्में

### बदलते समय में जब मिक्सी-ग्राइंडर ने रसोई की तस्वीर बदल दी है, तब भी सील-लोढ़ा का स्वाद और सांस्कृतिक महत्व अलग पहचान रखता है

**विजय मत/पाटन**

आधुनिकता की दौड़ में जहां छत्तीसगढ़ की कई पारंपरिक वस्तुएं और रीति-रिवाज धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं, वहीं पाटन का एक परिवार आज भी अपनी पुश्तैनी कला को सहेजकर परंपरा की लौ जलाए हुए है। बात हो रही है 'सील-लोढ़ा' और 'जटा मुसर' बनाने की, जो कभी हर घर की पहचान हुआ करती थी, लेकिन अब बाजार में मशीन से बने उपकरणों ने उनकी जगह ले ली है।

पाटन निवासी महेंद्र कुमार सोरी का परिवार पीढ़ियों से पत्थर तराशकर सील-लोढ़ा और जता मुसर बनाने का काम करता आ रहा है। वे बताते हैं कि यह काम उनके पुरखों से चला आ रहा है और आज भी पूरा परिवार सुबह से शाम तक मिलकर इस परिश्रम भरे कार्य में जुटा रहता है। महेंद्र कहते हैं, हमारे पास यही एक काम है, इसी से घर चलता है। इसे छोड़कर दूसरा काम करने की सोची भी नहीं।

छत्तीसगढ़ी परंपरा में सील-लोढ़ा का विशेष महत्व है। विवाह संस्कार में 'टीकावांन के रूप में सील देना शुभ माना जाता है। स्थानीय पुजारी पंडित सुरेश सावर्णी ने बताते हैं कि जब बड़े विवाह संस्कार होते हैं, तो भांवर की रस्म में भी सील का प्रतीकात्मक उपयोग किया जाता है। मान्यता है कि बिना सील के शादी की रस्म अधूरी मानी जाती है। यही वजह है कि आज भी कई परिवार विवाह के समय सील अवश्य खरीदते हैं। लेकिन आज कल की शादी सट काट में होने लगी है । शादी सील और



अग्नि को साक्षी मान कर किया जाता है।

**सील के बिना शादी अधूरा-** महेंद्र कुमार सोरी बताते हैं कि सील और लोढ़ा को मां-बेटे का प्रतीक माना जाता है, इसलिए दोनों को एक साथ नहीं दिया जाता, बल्कि अलग-अलग बेचा जाता है। समाज के विभिन्न वर्ग—साहू, वर्मा, यादव, गोंड, ब्राह्मण, देवांगन सोनी, सिन्हा, समाज आदि—आज भी इस परंपरा को निभाते हुए उनसे सील-लोढ़ा खरीदते हैं। सील बनाने की प्रक्रिया बेहद मेहनत भरी होती है। इसके लिए विशेष किस्म का पत्थर मंगवाया जाता है, जो महासमुंद और डोंडी



लोहारा क्षेत्र से आता है। पत्थर को पहले काटा जाता है, फिर छैनी-हथौड़े से तराशकर आकार दिया जाता है। एक सील तैयार करने में लगभग एक से दो घंटे का समय लगता है। इसकी कीमत 1000 से 1500 रुपये तक होती है। महेंद्र गांव-गांव जाकर फेरी लगाकर अपने उत्पाद बेचते हैं। पाटन के अलावा अभनपुर, रायपुर, भिलाई और धमतरी सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में भी उनकी पहुंच है। बदलते समय में जब मिक्सी-ग्राइंडर ने रसोई की तस्वीर बदल दी है, तब भी सील-लोढ़ा का स्वाद और सांस्कृतिक महत्व अलग पहचान रखता है।

यह केवल एक रसोई उपकरण नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। जरूरत है कि शासन-प्रशासन और समाज ऐसे पारंपरिक कारीगरों को प्रोत्साहन दे, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी अपनी मिट्टी की खुशबू और परंपरा से जुड़ी रहें। पाटन का यह परिवार आज सिर्फ पत्थर नहीं तराश रहा, बल्कि छत्तीसगढ़ की मिटती पहचान को भी संवारने का काम कर रहा है।

# कृषक उन्नति योजना- मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से सक्ती जिले के किसानों के खातों में 346.59 करोड़ रूपए की राशि का किया अंतरण

### जिले के 88307 किसानों के खाते में आदान सहायता राशि का किया गया वितरण

**विजय मत/सक्ती**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज बिलासपुर जिले से वर्चुअल माध्यम से जुड़ कर कृषक उन्नति योजना अंतर्गत सक्ती जिले के किसानों के खाते में 346.59 करोड़ रूपए की राशि का सीधा अंतरण किया। मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा आज जिले के 88307 किसानों के खाते में आदान सहायता राशि का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम मे विभिन्न जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किसानों को बोनस राशि प्रमाण पत्र का वितरण भी किया गया। साथ ही कृषि विभाग द्वारा विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन विकासखण्ड मालखरौदा, डभरा एवं जैजैपुर के कार्यालय जनपद पंचायत सभागार में विभिन्न क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियो व किसानों की उपस्थित किया गया। खरीफ विपणन वर्ष 2025 26 में बेचे गए धान का किसानों के खातों में अंतर की राशि अंतरित होने से जिले के किसानों में उत्साह का माहौल है। जिला स्तरीय



कार्यक्रम में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने संबोधित करते हुए सर्वप्रथम जिले के सभी किसानों को कृषक उन्नति योजना के तहत आदान सहायता राशि प्राप्त होने की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज हम सभी के लिए बहुत ही गर्व का दिन है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा इस योजना से जिले के किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि कलेक्टर श्री अमृत विकास तोपनो द्वारा जिले के किसानों को खेती किसानी की सुविधा के लिए संबंधित अधिकारियों से बात कर आगामी कुछ दिनों में नहर के माध्यम से पानी दिलाया जाएगा। जिससे जिले के किसानों को खेती किसानी में सुविधा होगी। सांसद श्रीमती जांगड़े ने कहा कि आप सभी किसान कृषि विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लें। उन्होंने किसानों को बताया कि कम पानी के साथ भी किसान दलहन, तिलहन जैसी अन्य फसल भी ले सकते है। सांसद ने सभी किसानों को कृषि विभाग के अधिकारियों से सतत संपर्क में रहते हुए विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने प्रेरित किया। इसी क्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दौपदी कीर्तन चंद्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानो की आय बढ़ाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। जिससे जिले के किसान भी लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने सभी किसानों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। इसी प्रकार अन्य विभिन्न जनप्रतिनिधियों द्वारा भी कार्यक्रम में संबोधित करते हुए जिले के सभी किसानों को बधाई और शुभकामनाए दी गई। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, पूर्व मंत्री मेघा राम साहू, पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमल किशोर पटेल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विद्या सिदार, आयुष शर्मा, राजा धर्मेंद्र सिंह, कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, उप संचालक कृषि विभाग तरुण प्रधान सहित अन्य विभिन्न जनप्रतिनिधि विभिन्न संबंधित अधिकारी कर्मचारी और बडी संख्या में जिले के किसान उपस्थित थे।

# होली शांति समिति की बैठक सिमगा थाना में सम्पन्न हुई

### मुखौटा, तेज अवाज वाले भोपु बजने वाले पर कार्रवाई



**विजय मत/सिमगा।** रंगों का त्योहार होली का पर्व धुमधाम व शांति पूर्वक मनाये जाने को लेकर पुलिस प्रशासन के द्वारा शाति समिति बैठक थाना प्रागण में आहुत की गई। पुलिस थाना सिमगा में होली पर्व के दौरान शाति व्यवस्था बनाये रखने के लिए चर्चा एवं सुझाव मांगा गया। व्यवस्था को दुरूस्त रखने की बात कही । सिमगा एसडीएम अतुल शेटे एडिशनल एसपी हेमसागर सिद्धार्थ सिमगा थाना प्रभारी लखेश केवट ने जनप्रतिनिधियों, व्यापारी, नगरवासी पत्रकारो की उपस्थिति में हुआ। बैठक में होली पर्व शांति पूर्वक मनाने के संबंध में चर्चा किया गया जिसमें तीन सवारी बाईक व तेज अवाज से हार्न व भोपु बजाने, मुखौटा पहनने, शराब पीकर हुडदंग

करने के खिलाफ कार्यवाही किया। जायेगा, किसी के उपर जबरन रंग गुलाल न लगाये। होली का त्यौहार मनाया जाये, सार्वजनिक संपत्ति को किसी प्रकार से नुकसान पहुँचाना अपराध है। जनप्रतिनिधियों से अपील किया कि होलिका दहन के पूर्व ही वार्ड प्रतिनिधि एवं जनप्रतिनिधी अपने मोहल्लेवासीयों से होली शाति से मनाने की अपील कर दें पुलिस शांति व्यवस्था बनाने में सहयोग प्रदान करें।


सिमगा थाना प्रभारी ने कहा महिलाओं या किसी के ऊपर जबरदस्ती रंग डालना व जबरदस्ती रंग लगाने के बहाने छेड़छाड करने वाले के विरूद्ध अपराध कायम कर कार्यवाही की जायेगी, तेज गति से वाहन न चलावे जिससे दुर्घटना की आशंका हो तीन सवारी पर कड़ी कार्यवाही किया जायेगा तेज अवाज से हार्न का उपयोग न करे की।

# एक्स्ट्रॉऑर्डनरी क्लास वर्ल्ड स्कूल में दंत परीक्षण एवं होली मिलन

**विजय मत/बलौदाबाजार**

शहर के एक्स्ट्रॉऑर्डनरी क्लास वर्ल्ड स्कूल में स्वास्थ्य जागरूकता और सांस्कृतिक उत्सव का अनूठा संगम देखने को मिला। विद्यालय परिसर में चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल के दंत चिकित्सकों द्वारा विद्यार्थियों का नि:शुल्क दंत परीक्षण किया गया। इसके पश्चात होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन कर उत्सव का उल्लास साझा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एस.डी.ओ.पी. अपूर्वा क्षत्रिय उपस्थित रहीं, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसिद्ध स्त्रीरोग विशेषज्ञ एवं चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल की संचालिका डॉ. गीतिका शंकर तिवारी ने शिरकत की। विद्यालय प्रबंधन द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।

दंत परीक्षण के दौरान डॉ. आकांक्षा ग्रेवाल एवं डॉ. आकृति यादव ने विद्यार्थियों के दांतों की बारीकी से जांच की। चिकित्सकों ने बच्चों को दिन में दो बार



ब्रश करने, मीठे खाद्य पदार्थों के सेवन के बाद कुल्ला करने तथा दांतों की नियमित सफाई रखने की महत्वपूर्ण आदतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

मुख्य अतिथि एस.डी.ओ.पी. अपूर्वा क्षत्रिय ने विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं संयमित तरीके से होली मनाने का संदेश देते हुए कहा कि वे स्वयं भी सावधानी बरतें और अपने परिजनों को भी सुरक्षित होली खेलने के लिए प्रेरित करें। डॉ. गीतिका शंकर तिवारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है, इसलिए पढ़ाई के साथ-साथ स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। दंत परीक्षण के उपरांत विद्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

### होली से पहले खाते में पैसा आने से किसान खुश

**विजय मत/छुईखदान**

धान का बोनस होली से पहले किसानों के खातों में आने से क्षेत्र के किसान खुश नजर आ रहे हैं। बोनस की राशि सीधे बैंक खातों में जमा होने से गांवों में उत्साह का माहौल है। झूरानदी के किसान आनंद सिन्हा ने बताया कि आज का दिन किसानों के लिए बेहद खुशी देने वाला है। होली के दो दिन पहले खातों में राशि पहुंचना किसानों के लिए बड़ी राहत है। उन्होंने कहा कि यह कदम प्रदेश के विष्णु देव साय द्वारा किसानों के हित में लिया गया सराहनीय निर्णय है। जनपद पंचायत कार्यालय में किसानों को प्रमाण पत्र प्रदान कर योजना की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि शासन की मंशा किसानों को समय पर आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराना है।

# साय सरकार ने 10 हजार करोड़ की राशि किसानों को बोनस के रूप में दी

**विजय मत/सारंगढ़**

नगर के शुक्ला मैरिज गार्डन में हजारों कृषको और सैकड़ो भाजपा नेताओं, पदाधिकारी , बीडीसी, डीडीसी की गरिमा में उपस्थिति में कृषि विभाग के द्वारा किसानों को धान का बोनस वितरित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष संजय भूषण पांडे ने कहा कि - छग के विष्णु देव साय के सरकार ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि - भाजपा सरकार घोषणाओं की नहीं परिणामों की राजनीति करती है। प्रदेश के 25 लाख से अधिक किसानों के खातों में एक मुश्त 10000 करोड़ की राशि सीधे हस्तांतरित कर सरकार ने अपने संकल्प को सिद्धि में बदल दिया है । जिलाध्यक्ष भाजपा ज्योति



पटेल ने कहा कि -पूर्ववर्ती सरकार किसानों को केवल आश्वासन और भ्रम में उलझाए रखती थी, वही साय सरकार ने सत्ता में आते ही किसान हित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।आज किसानों के खाते में सीधी राशि पहुंच रही है बिना बिचौलियों के बिना देरी के यही आती सुशासन है उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री सहायक के निर्णायक नेतृत्व और स्पष्ट नियत में प्रदेश की दिशा और दशा दोनों बदल दी।

संवेदनशील जिला कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने कहा कि - यह निर्णय किसानों को एक साथ दिवाली और होली मनाने का अवसर दे रहा है। पूरे प्रदेश में उत्साह , विश्वास और गर्व का वातावरण है।

पूर्व विधायक कामता जोल्हो ने कहा कि - दूरदर्शी वित्त मंत्री ओपी चौधरी की मजबूत वित्तीय अनुशासन और पारदर्शी प्रबंधन के कारण इतनी बड़ी राशि का सुव्यवस्थित और त्वरित भुगतान संभव हुआ है। यह इस बात का प्रमाण है कि जब नेतृत्व ईमानदार और संकल्पित हो तो संसाधनों की कमी बाधा नहीं बनती । भाजपा अध्यक्ष केसरवानी ने कहा कि - किसानों के नाम पर केवल राजनीति जो लोग करते हैं आज वह इस ऐतिहासिक निर्णय से निरुत्तर है।

# 18 वर्ष पूर्ण करने वाली बालिका को रानी दुर्गावती योजना से बेटियों को मिलेगा संबल : बिंदु सिन्हा

**विजय मत/गरियाबंद**

भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष बिंदु सिन्हा ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत राजकीय बजट का स्वागत करते हुए इसे जनहितैषी, विकासोन्मुखी एवं महिला सशक्तिकरण को समर्पित बजट बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में महिलाओं से जुड़े सभी महत्वपूर्ण मुद्दों को प्राथमिकता दी गई है। महिला स्वावलंबन, स्वरोजगार, स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, बालिकाओं की शिक्षा, पोषण योजनाओं तथा महिला सुरक्षा के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। यह बजट महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने



और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है। जिला अध्यक्ष बिंदु सिन्हा ने कहा कि सरकार ने ग्रामीण एवं आदिवासी अंचलों की महिलाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया है, जिससे महिलाओं को सीधा लाभ मिलेगा। कौशल विकास योजनाओं, लघु उद्योगों को बढ़ावा तथा महिला उद्यमियों के लिए आसान ऋ ण व्यवस्था जैसे प्रावधान सराहनीय हैं।

उन्होंने कहा कि इस बजट में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, सड़क निर्माण, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता अभियान, शिक्षा संस्थानों के उन्नयन एवं स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। नगर के सर्वांगीण विकास, रोजगार के अवसरों में वृद्धि तथा युवाओं के भविष्य को सुदृढ़ बनाने के लिए यह बजट मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा और महिलाओं, युवाओं एवं आम नागरिकों के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा।

# धान का कटोरा कहे जाने वाले हमारे प्रदेश के विकास की मजबूत नींव हमारे मेहनतकश अन्नदाता हैं: शिवरतन शर्मा

**विजय मत/भाटापारा**

प्रदेश के अन्नदाताओं के खाते में खुशियाँ पहुंची है। पिछले तीन वर्षों में भाजपा सरकार का हर निर्णय किसानों के सम्मान और उनकी समृद्धि को समर्पित रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा धान के अंतर राशि का एकमुश्त अंतरण, 10,000 करोड़ सीधे 25 लाख से अधिक अन्नदाताओं के खातों में पहुंचाना ऐतिहासिक कदम है।

यह अन्नदाता के परिश्रम का सम्मान है.. मैं मुख्यमंत्री का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं, यह निर्णय किसान हितैषी सोच और दृढ़ नेतृत्व का प्रमाण है। प्रदेश के सभी किसान भाई-बहनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते



हुए उक्त बाते वरिष्ठ भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने भाटापारा अंतर्गत दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय में आयोजित कृषक उन्नति योजना,आदान राशि वितरण समारोह में सम्मिलित होकर कृषको से संवाद कर कही। शिवरतन शर्मा ने कहा की यह राशि किसानों की मेहनत का सम्मान और उनकी समृद्धि के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है, त्योहारों की खुशियों से पहले सरकार ने आर्थिक सशक्तिकरण का यह संकल्प सुनिश्चित किया कि इस बार अन्नदाताओं की होली समृद्धि के रंगों से सराबोर हो। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा की होली पर्व के अवसर पर यह सहयोग किसान परिवारों के जीवन में समृद्धि का रंग भरेगा और उनका त्योहार और भी अधिक खुशहाल होगाल

धान का कटोरा कहे जाने वाले हमारे प्रदेश के विकास की मजबूत नींव हमारे मेहनतकश अन्नदाता हैं और सुशासन की यह सरकार प्रदेश के किसानों को सशक्त, समृद्ध और सुरक्षित भविष्य देने हेतु निरंतर प्रतिबद्ध हैं।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आनंद यादव, जिला उपाध्यक्ष सुनील यदु, जिलापंचायत सभापति राजा जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सविता प्रदीप अनंत, जनपद उपाध्यक्ष भोला वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, डब्लू ठाकुर, राजेश पटेल, ठाकुर राम साहू, राजू यादव, सतीश सोनी, रोहित साहू, टिक्की वर्मा, बृजेश निषाद, सेवक साहू, लेखु वर्मा, बूधेश्वर वर्मा, भरत साहू, भोला देवांगन, संतोष चक्रधारी सहित पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्त्ता व अन्नदाता कृषक एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## सार समाचार

### शहीदों की याद में चल रहा क्रिकेट टूनार्मेंट, समापन समारोह में शहीद परिवारों का होगा सम्मान




**विजय मत/रायपुर।** भिलाई के पदुमनगर ग्राउंड में एचएम जीएम जनसेवा संस्थान की ओर से छत्तीसगढ़ के वीर शहीदों की स्मृति में शहीद कप क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है। 21 से 28 फरवरी तक आयोजित इस टूनार्मेंट में 16 टीमों ने हिस्सा लिया है। आयोजन में रोज राजनीतिक एवं सामाजिक जनप्रतिनिधियों द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर मैच की शुरूआत की जाती है। वहीं अंतिम दिन शहीद परिवारों का सम्मान किया जाएगा। शुक्रवार शाम को अहिवारा विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सौरभ जायसवाल, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीष पांडेय उपस्थित हुए। सभी ने इस आयोजन की सराहना करते हुए आयोजक एचएमजीएम की टीम को बधाई दी। प्रदेश के शहीदों की स्मृति में आयोजित इस आयोजन में ठी६२ 24 एवं लल्लूराम डॉट कॉम मीडिया पार्टनर के रूप में शामिल हैं। आयोजन के अंतिम दिन समापन समारोह में भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### ऑपरेशन प्रहारः न्यायधानी में ब्राउन शुगर के साथ 3 युवकों को पुलिस ने दबोचा, प्रयागराज से मंगाई जाती थी नशीली खेप

**विजय मत/रायपुर।** ऑपरेशन प्रहार के तहत सकरी पुलिस ने अवैध नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से 840 मिलीग्राम ब्राउन शुगर, 25 ग्राम गांजा और दो मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर रही है. सकरी टीआई विजय कुमार चौधरी ने बताया कि, 27 फरवरी को सूचना मिली कि हमीद अंसारी (33) निवासी तैयबा चौक तालापारा, आसमा सिटी मेण्ड्रा रोड पर पारदर्शी जिपर पुड़िया में ब्राउन शुगर लेकर ग्राहक का इंतजार कर रहा है. पुलिस ने घेराबंदी कर उसे मौके से गिरफ्तार किया. तलाशी में उसके पास से 840 मिलीग्राम ब्राउन शुगर और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ. पूछताछ में हमीद ने बताया कि वह अपने साथियों अमन तिवारी (24) निवासी अभिषेक नगर मंगला और ईशांत सिंह मंडलोई (24) निवासी रामा लाइफ कॉलोनी सकरी के माध्यम से प्रयागराज से ब्राउन शुगर और गांजा मंगवाता था।



नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ रात में कार्रवाई

# तीन घंटे के विशेष अभियान में पुलिस ने काटा 15 लाख रुपए का चालान

**विजय मत, रायपुर**

सड़क हादसों को नियंत्रित करने एवं होली पर्व पर सुरक्षा के लिहाज से रायपुर पुलिस ने शुक्रवार रात में तीन घंटे का विशेष अभियान चलाया. जांच के दौरान 154 नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 15 लाख 40 हजार रुपए का चालान काटा.



पुलिस उपायुक्त यातायात एवं प्रोटोकॉल विकास कुमार द्वारा नशे की हालत में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त विवेक शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात/प्रोटोकाल दौलत राम पोर्ते के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस आयुक्त सतीश ठाकुर, सुरेन्द्र साय पैकरा, रमेश येरेवार, गुरजीत सिंह एवं सीमा अहिरवार के नेतृत्व में यातायात के सभी थाना प्रभारियों की उपस्थित में अधिकारी-कर्मचारी की टीम बनाई. टीम ने शहर में 8 स्थानों झ्र तेलीबांधा थाना के सामने, भाठागांव चौक, जयस्तंभ चौक, फाफाडीह चौक, खमतराई थाना के सामने, टाटीबंध चौक, पचपेड़ीनाका चौक, पंडरी थाना के सामने में स्टापर लगाकर चेकिंग पाइंट लगाया गया. सभी चेकिंग पाइंट में चेकिंग अधिकारियों द्वारा ब्रीथ एनालाईजर मशीन के साथ रात्रि 10 बजे से 1 बजे तक 3 घंटे सघन जांच अभियान चलाया गया. जांच के दौरान वाहन चालकों का ब्रीथ एनालाईजर मशीन से शराब सेवन की जांच की गयी. जांच में 154 वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाया गया, जिनके विरूद्ध मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के अंतर्गत वाहनों को जप्त कर कार्रवाई किया गया. वाहनों को यातायात मुख्यालय परिसर एवं यातायात थानों में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया है. जब्त किए वाहनों में 64 कार, 65 मोटरसायकल, 08 ट्रक, 12 टाटा एस पिकअप, 01 बोलेरो, 02 माजदा, 01 ट्रेक्टर, एवं 01 ई-रिक्शा वाहन शामिल है.

कार्यवाही किये गये प्रकरणों को कार्य दिवस में न्यायालय में पेश किया जाएगा, जहां शराब सेवन कर वाहन चलाने पर माननीय न्यायालय द्वारा प्रत्येक प्रकरण में 10000 रुपए न्यूनतम अर्थदंड किया जाता है।

## होली से पहले बदमाशों की क्लास एसपी ने कड़ी कार्रवाई की दी चेतावनी



### थाना प्रभारियों को पेट्रोलिंग और चेकिंग अभियान के निर्देश

**विजय मत, रायपुर**

होली त्यौहार पर धमतरी जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक ने 35 आदतन बदमाशों और निगरानी बदमाशों को तलब कर सख्त चेतावनी दी है. पुलिस लाईन रूद्री में सभी बदमाशों को परेड कराई गई, साथ ही क्राइम में संलिप्त पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने सभी को समझाइश देते हुए समाज की मुख्यधारा में रहकर सकारात्मक जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया. स्पष्ट किया गया कि जिनका आचरण निरंतर संतोषजनक रहेगा, उन्हें माफी सूची में शामिल करने पर विचार किया जा सकता है. साथ ही सभी से शांति बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।

होली से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

## होटलों में की मिठाई-नमकीन की जांच, 5 नमूने पाए गए अमानक

**विजय मत/रायपुर।** होली पर्व के मद्देनजर जिले में मिलावटी एवं असुरक्षित खाद्य पदार्थों पर नियंत्रण के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रावल के निर्देशानुसार 26 और 27 फरवरी को जिले के विभिन्न मिठाई एवं नमकीन प्रतिष्ठानों में सघन जांच अभियान चलाया गया।

उपसंचालक आशीष शर्मा एवं अभिहित अधिकारी सिद्धार्थ पांडे की मौजूदगी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक घृतलहरे ने खैरागढ़ के मानव मंदिर स्वीट, जलाराम स्वीट, जनता स्वीट, बीकानेर राजेश्वरी स्वीट, श्री बीकानेर स्वीट तथा गंडई के राजपुरोहित बीकानेर स्वीट सहित कई प्रतिष्ठानों से कचौड़ी, मोतीचूर लड्डू, बेसन लड्डू, खोवा, पेड़ा, फाफड़ा, गुजिया, रसमलाई, अंजीर कतली, केला चिप्स और अन्य खाद्य सामग्री के नमूने लिए। कार्रवाई के दौरान दो विधिक एवं 18 सर्विलांस नमूने जांच के लिए



राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, कालीबाड़ी रायपुर भेजे गए। वहीं चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा मौके पर ही 65 सर्विलांस नमूनों की जांच की गई, जिसमें 60 नमूने मानक के अनुरूप पाए गए, जबकि 5 नमूने अवमानक मिले। जांच में पाए गए अखाद्य रंग युक्त अवमानक खाद्य पदार्थों को मौके पर ही नष्ट करवाया गया। अधिकारियों ने सभी व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं 2011 के तहत स्वच्छता बनाए रखने एवं गुणवत्ता मानकों का पालन करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रतिष्ठानों की खाद्य लाइसेंस एवं पंजीयन की जांच की गई, जो वैध पाए गए। कार्रवाई के दौरान सहायक खाद्य अधिकारी संजय ठाकुर सहित विभागीय टीम मौजूद रही।

अंतर्राज्यीय सट्टा गिरोह का पदार्फाश

# गोवा में किराए के मकान से चल रहा था गेट-वे ऑफिस, 431 म्यूल बैंक खातों से करोड़ों का ट्रांजेक्शन, 7 आरोपी गिरफ्तार

**विजय मत, रायपुर**

राजधानी रायपुर में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा और पेमेंट गेट-वे पैनल संचालित करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पदार्फाश हुआ है। इस कार्रवाई में रायपुर से 2 और गोवा से 5 आरोपियों सहित कुल 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के मुताबिक आरोपी प्रतीक कुमार और सैंकी देवड़ा हाल ही में दुबई से लौटे थे और पेमेंट गेट-वे पैनल का संचालन कर रहे थे। गिरोह भारत सहित विदेशों में ऑनलाइन क्रिकेट पैनलों का संचालन कर रहा था। एसीसीयू की टीम ने सतत मॉनिटरिंग और तकनीकी विश्लेषण के जरिए नेटवर्क को ट्रैक कर कार्रवाई की। पुलिस उपायुक्त (क्राइम एवं साइबर) स्मृतिक राजनाला और पुलिस उपायुक्त (वेस्ट जोन) संदीप पटेल के निर्देशन में कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

*मुक्तिधाम के पास वाहन से शुरू हुई कार्रवाई*- 25 फरवरी 2026 को सूचना मिली थी कि थाना न्यू राजेन्द्र नगर क्षेत्र में मुक्तिधाम के पास एक चारपहिया वाहन में बैठे कुछ लोग ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहे हैं। मौके पर पहुंची टीम ने वाहन से प्रतीक कुमार वीधवानी और सैंकी देवड़ा को पकड़ा। उनके मोबाइल फोन की जांच में 23exch9.com, allpe-nalexch.com और 99.com जैसी बेटिंग साइट्स के मास्टर आईडी बनाकर सट्टा संचालन का खुलासा हुआ। पूछताछ में गोवा में बैठे अन्य साथियों की जानकारी मिली, जिसके बाद टीम ने गोवा में रेड कर 5 और आरोपियों को गिरफ्तार किया। गोवा में किराये के मकान में बाकायदा ऑफिस सेटअप कर पेमेंट गेट-वे पैनल संचालित किया जा रहा था।



### 431 म्यूल बैंक खातों का उपयोग

जांच में सामने आया कि आरोपी 431 म्यूल बैंक खातों के जरिए सट्टे की रकम डिपॉजिट और विड्रॉल कर रहे थे। व्हाट्सएप ग्रुप जयदेव ग्रुप और ह्लजेएमके ग्रुपह्व के माध्यम से लेन-देन संचालित किया जा रहा था। विभिन्न बैंकों में खोले गए खातों के जरिए करोड़ों रुपये के ट्रांजेक्शन की जानकारी मिली है।

### *क्रिप्टो करेंसी के जरिए अंतरराष्ट्रीय लेन-देन*

गिरोह क्रिकेट सट्टे से अर्जित अवैध राशि को क्रिप्टो करेंसी/यूएसडीटी के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय पैनल संचालकों तक पहुंचा रहा था। अब तक 46,500 यूएसडीटी (लगभग 42 लाख रुपये) क्रिप्टो वॉलेट में ट्रांसफर किए जाने की पुष्टि हुई है। मामले की जांच जारी है।

सीवरेज के गंदे पानी ने बढ़ाई कमल विहार के निवासियों की चिंता

# घरों के नलों में आ रहा बदबूदार और गंदा पानी, निगम और आरडीए पर सवाल

**विजय मत, रायपुर**

इंदौर में दूषित पेयजल के कारण हुई मौतों के बाद भी रायपुर में सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी खतरे को टालने में प्रशासन की चूक को लेकर रायपुर नगर निगम और फ्ळ्अ की कड़ी आलोचना हो रही है। कमल विहार सेक्टर 8 और आसपास के इलाकों में निवासियों ने बताया कि डेढ़ से दो महीने से अधिक समय से उनके घरों के नलों में बदबूदार और गंदा पानी आ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, सीवरेज का गंदा पानी चैंबर से रिसकर सड़कों पर बह रहा है, जिससे न सिर्फ सड़क पर रहने वाले लोगों के लिए स्थिति कठिन हो गई है, बल्कि घरों के नलों में भी पानी दूषित होकर पहुँच रहा है। निवासियों ने नगर निगम और फ्ळ्अ पर आरोप लगाया कि इतने



बड़े प्रोजेक्ट में रहने के बावजूद इन संस्थाओं का ध्यान बिल्कुल भी नहीं है। इसके कारण पूरे इलाके में लगातार दुर्गंध और गंदगी फैली हुई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि तत्काल सुधारात्मक उपाय नहीं किए गए, तो रायपुर में इंदौर जैसी त्रासदी होने का खतरा बन सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे गंदे पानी के संपर्क में आने से स्किन संक्रमण, दस्त, पेट की बीमारियां और वायरल संक्रमण फैलने का जोखिम बढ़ जाता है। ऐसे में प्रशासन का सक्रिय और त्वरित कदम उठाना जरूरी है।

निवासियों का आरोप है कि निगम और RDA दोनों ही बड़े प्रोजेक्ट के रख-रखाव में नाकाम साबित हो रहे हैं। शहर में ऐसे सीवरेज रिसाव की शिकायतें पहले भी आती रही हैं, लेकिन इनके समाधान में प्रशासनिक सुस्ती देखने को मिलती रही है। कमल विहार के निवासियों की समस्या केवल स्थानीय मुद्दा नहीं है, बल्कि पूरे रायपुर शहर के सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा तंत्र पर सवाल खड़े करती है। प्रशासन को इस मुद्दे पर तत्काल और प्रभावी कार्रवाई करनी होगी, नहीं तो गंदे पानी के कारण गंभीर स्वास्थ्य संकट पैदा हो सकता है।

## अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर : सरकारी जमीन पर बना था व्यावसायिक परिसर, नगर निगम ने हटाया अतिक्रमण

**विजय मत, रायपुर**

राजधानी रायपुर में नगर निगम ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में बुलडोजर चलाकर लालपुर क्षेत्र में शासकीय भूमि से अवैध निर्माण हटाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, लालपुर में शासकीय जमीन पर लगभग 9 से 10 निजी दुकानों के साथ एक बहुमंजिला बिल्डिंग संचालित की जा रही थी, जिसमें पीजी भी चल रहा था। शिकायतों के बाद नगर निगम ने जांच कर निर्माण को अवैध पाया और कार्रवाई शुरू की।

अतिक्रमण हटाने के दौरान किसी भी तरह के विरोध या अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। मौके पर नगर निगम के उड़नदस्ता दल के साथ सभी 10 जोन की गाड़ियां मौजूद हैं। निगम की टीम द्वारा पूरे भवन को खाली कराया जा रहा है। दुकानों और पीजी में रहने वाले लोगों को पहले ही नोटिस देकर हटने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद बुलडोजर से अवैध हिस्सों को तोड़ा जा रहा है।



### अवैध कब्जा के खिलाफ जारी रहेगी कार्रवाई

नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि शासकीय भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। शहर में जहां भी सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण मिलेगा, वहां इसी तरह की सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों में कार्रवाई को लेकर मिश्रित प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। कुछ लोगों ने इसे सही कदम बताया, वहीं प्रभावित लोगों ने प्रशासन से वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की है।

### सरकारी जमीन पर किया गया था निर्माण : नायब तहसीलदार

इस मामले में नायब तहसीलदार ज्योति सिंह ने कहा कि 10 से ज्यादा प्राइवेट दुकानों पर कार्रवाई की है। यह प्रकरण लंबित था। आज मौके पर पहुंचकर यहां कार्रवाई की है।

व्यवसायिक परिसर था, शासकीय भूमि में ये निर्माण किया गया था। सामने में करीब 10 से ज्यादा दुकान थी और पीछे 71 के करीब कमरे अंदर थे। ये सभी शासकीय जमीन पर निर्माण किया गया था।

### अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर कार्रवाई, 14 हाईवा जब्त

**जांजगीर।** अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के मामले में जांजगीर जिला और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने 14 हाईवा वाहनों को जब्त किया है। हाईवा वाहन चालक/मालिकों के विरुद्ध गौण खनिज अधिनियम के तहत कार्रवई की गई है। जांजगीर जिले में रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार जिला और पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर जन्मेजये महोबे ने अवैध खनन को रोकने के लिए ग्राम पंचायतों में ग्राम निगरानी समितियों का गठन किया है, जो एसडीएम और तहसीलदारों को अवैध उत्खनन और परिवहन की सूचना देगी। इसके बाद संयुक्त टीम कार्रवाई करेगी। इसी क्रम में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने कलेक्टर जन्मेजय महोबे और एसपी विजय पांडे के निर्देश पर एसडीओपी अकलतरा प्रदीप कुमार सोरी के नेतृत्व में बीती देर रात हाईवे रोड पर दबिश देकर अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए 14 हाईवा वाहनों को पकड़ा।

पिकअप में लोड कर ले जा रहे थे सागौन के लट्ठे

## पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**विजय मत, रायपुर**

सीपत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नवापारा (जेवरा) जंगल से सागौन के ईमारती पेड़ों की कटाई कर अवैध परिवहन करने वाले गिरोह को पुलिस और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार किया गया है. आरोपियों के कब्जे से 16 नग सागौन लट्ठा, आरा मशीन और पिकअप वाहन सहित कुल ढाई लाख के आसपास की संपत्ति जब्त की गई है. सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है.



एएसपी मधुलिका सिंह ने बताया कि वन परिक्षेत्र बिलासपुर के नवापारा परिसर में पदस्थ वनरक्षक को तड़के करीब 3:30 बजे सीपत पुलिस द्वारा सूचना दी गई कि कुछ लोग नवापारा (जेवरा) जंगल में सागौन वृक्ष काटकर पिकअप वाहन में भरकर चोरी कर ले जाने की तैयारी में हैं. सूचना पर पुलिस टीम और वन विभाग के कर्मचारी संयुक्त रूप से मौके के लिए रवाना हुए. नवापारा बेरियर के पास घेराबंदी की गई. कुछ देर बाद जंगल की ओर से आती एक पिकअप वाहन की लाइट दिखाई दी. वाहन को रोककर जांच की गई. जांच के दौरान पिकअप नंबर सीजी 11 एबी 0612 वाहन में पुरानी तिरपाल ढकी मिली. तिरपाल हटाने पर वाहन में 16 नग सागौन के ईमारती लट्ठा भरे पाए गए, जिनकी अनुमानित कीमत एक लाख के आसपास बताई जा रही।

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER
P.W.D. BASTAR CIRCLE JAGDALPUR (C.G.)
e-Procurement Tender Notice
https://eproc.cgstate.gov.in

Tender are invited for the Following Works:-
Last Date of Tender Downloading:- 12/03/2026

| s. . no. | NIT Date NIT Date | Sytem Tender No. (Tender Call No) | Name of Work | PAC Amount (Rupees in Lacs |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 |
| | 238-2025-26 Date 25/02/2026 | 186274 (First-Call) | Construction of Govt Model & Residential College Building at Dantewada For (Balance Work of Boy Hostel Building) of Model Collage Dantewada, District-Dantewada. | 05 43.33 |

For more details on the Tender and bidding process please visit the above mentioned portal.

G-252606971/5

Superintending Engineer
P.W.D. Bastar Circle
Jagdalpur

**संस्थापक**
**श्री रामसिपाही शुक्ल**

# आतंकवाद के बदलते स्वरूप पर गंभीर चिंतन



**कांतिलाल मांडोत**

आतंकवाद की यही प्रवृत्ति सबसे अधिक चिंताजनक है कि वह बार बार नए चेहरों और नई रणनीतियों के साथ सामने आता है। कभी वह हथियारों के जरिए हमला करता है, कभी वैचारिक युद्ध के माध्यम से समाज में जहर घोलने की कोशिश करता है। पोस्टर जैसे प्रतीत होने वाले साधारण माध्यम का उपयोग भी यदि किसी बड़े षड्यंत्र का हिस्सा हो सकता है, तो यह सुरक्षा तंत्र के लिए गंभीर चेतावनी है।तमिलनाडु से छह बांग्लादेशी नागरिकों की गिरफ्तारी ने इस पूरे प्रकरण को और व्यापक बना दिया है। सुरक्षा एजेंसियां अब इनके नेटवर्क, फंडिंग और अंतरराष्ट्रीय संपर्कों की पड़ताल कर रही हैं। यह भी जांच का विषय है कि किस प्रकार सीमापार बैठे हैंडलर भारत के भीतर युवाओं को प्रभावित करने या भ्रमित करने का प्रयास करते हैं।

राजधानी दिल्ली और कोलकाता जैसे महानगरों में हाल ही में जिस प्रकार की आतंकी साजिश का खुलासा हुआ, उसने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद का खतरा केवल सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि वह अपने रूप बदलकर समाज के भीतर घुसपैठ करने की कोशिश करता रहता है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और अन्य सुरक्षा एजेंसियों की तत्परता से एक बड़े षड्यंत्र को समय रहते विफल कर दिया गया। यह घटना केवल कुछ पोस्टर लगाने या संदिग्ध गतिविधियों तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसके पीछे एक संगठित मॉड्यूल विदेशी निर्देश और व्यापक नेटवर्क की आशंका सामने आई है।सात फरवरी को कश्मीरी गेट और आसपास के क्षेत्रों में लगाए गए देशविरोधी पोस्टरों ने सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया। इन पोस्टरों में भारत विरोधी संदेश और आतंकवादी संगठनों से जुड़े व्यक्तियों की तस्वीरें थीं। सबसे पहले इस गतिविधि पर सीआईएसएफ की नजर पड़ी और सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस की पेट्रोलिंग यूनिट सक्रिय हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को सौंपी गई। स्पेशल सेल के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में जांच आगे बढ़ी और संदिग्धों की धरपकड़ शुरू हुई।

जांच में यह खुलासा हुआ कि इस साजिश के तार बांग्लादेश से जुड़े हुए थे। कोलकाता से एक बांग्लादेशी नागरिक सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने दिल्ली और कोलकाता के विभिन्न स्थानों पर पोस्टर लगाए थे। यह भी सामने आया कि कोलकाता के कई मेट्रो स्टेशनों पर इसी प्रकार की गतिविधियां की गई थीं। आरोपियों को निर्देश देने वाला शख्स शब्बीर अहमद लोन बताया गया, जो जम्मू कश्मीर के गंदेरबल का निवासी है और पूर्व में लश्कर ए तैयबा से जुड़ा रहा है। वर्ष 2007 में उसकी गिरफ्तारी के बाद वह जेल में रहा और 2019 में रिहा हुआ। जांच एजेंसियों का दावा है कि रिहाई के बाद उसने फिर से आतंकी संपर्क स्थापित किए और एक नया मॉड्यूल खड़ा करने की कोशिश की।

आतंकवाद की यही प्रवृत्ति सबसे अधिक चिंताजनक है कि वह बार बार नए चेहरों और नई रणनीतियों के साथ सामने आता है। कभी वह हथियारों के जरिए हमला करता है, कभी वैचारिक युद्ध के माध्यम से समाज में जहर घोलने की कोशिश करता है। पोस्टर जैसे प्रतीत होने वाले साधारण माध्यम का उपयोग भी यदि किसी बड़े षड्यंत्र का हिस्सा हो सकता है, तो यह सुरक्षा तंत्र के लिए गंभीर चेतावनी है।तमिलनाडु से छह बांग्लादेशी नागरिकों की गिरफ्तारी ने इस पूरे प्रकरण को और व्यापक बना दिया है। जांच में यह संकेत मिले कि इन लोगों को किसी बड़ी वारदात के लिए तैयार किया जा रहा था। सुरक्षा एजेंसियां अब इनके नेटवर्क, फंडिंग और अंतरराष्ट्रीय संपर्कों की पड़ताल कर रही हैं। यह भी जांच का विषय है कि किस प्रकार सीमापार बैठे हैंडलर भारत के भीतर युवाओं को प्रभावित करने या भ्रमित करने का प्रयास करते हैं।इस पूरे घटनाक्रम के समानांतर अरब सागर में विदेशी सामान की तस्करी का मामला भी सामने आया, जिसमें अल मुख्तार नामक नाव से लगभग पांच करोड़ रुपये मूल्य की विदेशी सिगरेट बरामद की गई। चार ईरानी नागरिकों को हिरासत में लिया गया और उनके पास से सैटेलाइट फोन जब्त किए गए। यद्यपि यह मामला सीधे तौर पर आतंकवाद से जुड़ा हुआ सिद्ध नहीं हुआ है, परंतु तस्करी, अवैध वित्तीय लेनदेन और आतंकी गतिविधियों के बीच संबंधों को नकारा नहीं जा सकता। कई बार ऐसे अवैध माध्यम ही आतंकवाद की फंडिंग का आधार बनते हैं।

आतंकवाद केवल बंदूक और बम का नाम नहीं है। यह एक विचारधारा भी है जो असंतोष, कट्टरता और भ्रम के सहारे पनपती है। जब कोई संगठन युवाओं को राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के लिए प्रेरित करता है, तो वह केवल कानून का उल्लंघन नहीं करता बल्कि समाज की एकता और विश्वास को भी तोड़ने का प्रयास करता है। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में जहां अनेक धर्म, भाषाएं और संस्कृतियां साथ रहती हैं, वहां ऐसी गतिविधियां सामाजिक सौहार्द के लिए बड़ा खतरा बन सकती हैं।सुरक्षा एजेंसियों की सफलता इस बात का प्रमाण है कि देश की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था मजबूत है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि को हल्के में नहीं लिया जाता। तकनीकी निगरानी, खुफिया सूचनाओं का आदान प्रदान और राज्यों के बीच समन्वय ने इस साजिश को नाकाम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। किंतु यह भी सत्य है कि आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई केवल सुरक्षा बलों के भरोसे नहीं लड़ी जा सकती। समाज की सजगता, नागरिकों की जिम्मेदारी और युवाओं में सकारात्मक सोच का विकास भी उतना ही आवश्यक है।आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया और इंटरनेट के माध्यम से कट्टरपंथी विचारों का प्रसार तेज गति से होता है। सीमापार बैठे तत्व भ्रामक सूचनाओं और उकसावे के जरिए युवाओं को अपने जाल में फंसाने की कोशिश करते हैं। ऐसे में शिक्षा, जागरूकता और संवाद की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि युवाओं को सही दिशा, रोजगार और अभिव्यक्ति के स्वस्थ अवसर मिलें, तो वे किसी भी भटकाव का शिकार नहीं होंगे।

भारत ने पिछले दशकों में आतंकवाद की भारी कीमत चुकाई है। जम्मू कश्मीर से लेकर महानगरों तक अनेक निर्दोष लोगों ने अपनी जान गंवाई है। इसलिए प्रत्येक साजिश का समय रहते पर्दाफाश होना न केवल सुरक्षा की जीत है, बल्कि यह उन सभी नागरिकों के प्रति उत्तरदायित्व का निर्वाह भी है जो शांति और विकास का सपना देखते हैं।इस घटना से यह स्पष्ट संदेश जाता है कि आतंकवाद चाहे वैचारिक हो या सशस्त्र, उसकी जड़ें काटने के लिए बहुआयामी रणनीति आवश्यक है। सीमाओं की सुरक्षा, खुफिया तंत्र की मजबूती, वित्तीय लेनदेन पर निगरानी और समाज में जागरूकता का विस्तार एक साथ चलना चाहिए। साथ ही, जो लोग भटक चुके हैं, उनके पुनर्वास और मुख्यधारा में लौटने के प्रयास भी किए जाने चाहिए, ताकि वे फिर किसी साजिश का हिस्सा न बनें।

अंततः यह समझना होगा कि आतंकवाद का लक्ष्य केवल भय फैलाना नहीं होता, बल्कि वह राष्ट्र की एकता और विश्वास को कमजोर करना चाहता है। जब देश की एजेंसियां सतर्कता और समन्वय के साथ ऐसी साजिशों को विफल करती हैं, तो यह लोकतंत्र की शक्ति और सामूहिक संकल्प का प्रतीक बनता है। भारत की विविधता, लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिकों की सजगता ही आतंकवाद के विरुद्ध सबसे बड़ी ढाल है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)– साभार

## बढ़ते वैवाहिक विच्छेद और भारतीय समाज की दुविधा

दिल्ली की एक पारिवारिक अदालत का दृश्य आज के शहरी भारत की बदलती सामाजिक तस्वीर को बयान करता है। सुबह के दस बजे हैं। एक युवा महिला, जिसकी उम्र मुश्किल से तीस के आसपास होगी, शांत चेहरे के साथ न्यायालय की बेंच पर बैठी है। उसकी आंखों में घबराहट नहीं, बल्कि एक ठोस निर्णय का संतुलन दिखाई देता है। तीन वर्ष पहले इसी महिला का विवाह पूरे उत्साह और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ हुआ था, किंतु आज वह अपने वैवाहिक संबंध को कानूनी रूप से समाप्त करने के लिए उपस्थित है। यह केवल एक व्यक्ति की कहानी नहीं, बल्कि उन हजारों परिवारों की कहानी है जिनके रिश्ते समय, अपेक्षाओं और बदलती सामाजिक संरचना के दबाव में टूट रहे हैं।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण और आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के आंकड़े संकेत देते हैं कि पिछले दो दशकों में वैवाहिक विच्छेद के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जहां दो दशक पहले विवाहित महिलाओं में अलगाव या विवाह विच्छेद का प्रतिशत लगभग 0.6 था, वहीं अब इसमें वृद्धि दर्ज की गई है। शहरी भारत में पुरुषों और महिलाओं दोनों में ऐसे मामलों का अनुपात बढ़ा है। यद्यपि भारत की कुल दर अभी भी कई देशों की तुलना में कम है, परंतु महानगरों में पिछले तीन वर्षों में मामलों की संख्या तीन गुना तक बढ़ने की बात विभिन्न शोध रिपोर्टों में सामने आई है। औसतन महिलाओं की आयु लगभग 31 वर्ष और पुरुषों की 36 वर्ष बताई जाती है जब वे वैवाहिक संबंध समाप्त करने का निर्णय लेते हैं।

भारतीय समाज में 'तलाक' शब्द मूलतः विदेशी पृष्ठभूमि से आया हुआ माना जाता है। पारंपरिक भारतीय संस्कृति में विवाह को एक अटूट संस्कार के रूप में देखा गया है, जो केवल दो व्यक्तियों का नहीं बल्कि दो परिवारों का संबंध होता था। प्राचीन ग्रंथों में विवाह को सात जन्मों का बंधन कहा गया है। यही कारण है कि लंबे समय तक विवाह विच्छेद की अवधारणा सामाजिक रूप से स्वीकार्य नहीं थी। हालांकि इतिहास के विभिन्न कालखंडों में कुछ समुदायों में अलगाव की परंपराएं थीं, परंतु व्यापक रूप से समाज ने इसे प्रोत्साहित नहीं किया।

**सूचना**

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं। अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# एक नासमझ की नस्लीय टिप्पणी से पूर्वोत्तर तक पीड़ा

**मनोज अग्रवाल**

यह कोई पहली बार नहीं है कि पूर्वोत्तर भारत के लोगों के साथ उनकी शारीरिक बनावट व संस्कृति को लेकर कहीं शेष देश में अभद्रता की गई हो। यहां तक कि एक बार तो पूर्वोत्तर के एक मुख्यमंत्री प्रेस वार्ता में यह कहते रो पड़े थे कि उन्हें भारतीय तक नहीं समझा जाता है। बीते साल मई में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वोत्तर को हमारे विविधता के राष्ट्र में सबसे विशिष्ट क्षेत्र बताया था। लेकिन दुखद तथ्य यह है कि कुछ ताकतें इन टिप्पणी को तूल देकर बात का बतंगड़ बना कर पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों के दिलों में विष वमन करने के लिए लगी रहती है। हालांकि कई बार इन राज्यों के लोग अक्सर नस्लीय भेदभाव का शिकार होते हैं लेकिन यह राज्य की कानून व्यवस्था से जुड़े मामले होते हैं जिन्हें नस्लीय भेदभाव से जोड़ कर अलगाव की फसल पैदा करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है।

नई दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में अरुणाचल प्रदेश की तीन लड़कियों के साथ कथित नस्लीय टिप्पणी और अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। एयर कंडीशनर लगाने को लेकर शुरू हुआ एक मामूली पड़ोसी विवाद देखते ही देखते गंभीर आरोपों में बदल गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है यह कोई पहली बार नहीं है कि पूर्वोत्तर भारत के लोगों के साथ उनकी शारीरिक बनावट व संस्कृति को लेकर कहीं शेष देश में अभद्रता की गई हो। यहां तक कि एक बार तो पूर्वोत्तर के एक मुख्यमंत्री प्रेस वार्ता में यह कहते रो पड़े थे कि उन्हें भारतीय तक नहीं समझा जाता है। बीते साल मई में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वोत्तर को हमारे विविधता के राष्ट्र में सबसे विशिष्ट क्षेत्र बताया था। लेकिन दुखद तथ्य यह है कि कुछ ताकतें इन टिप्पणी को तूल देकर बात का बतंगड़ बना कर पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों के दिलों में विष वमन करने के लिए लगी रहती है । हालांकि कई बार इन राज्यों के लोग अक्सर नस्लीय भेदभाव का शिकार होते हैं लेकिन यह राज्य की कानून व्यवस्था से जुड़े मामले होते हैं जिन्हें नस्लीय भेदभाव से जोड़ कर अलगाव की फसल पैदा करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। कुछ समय पूर्व देहरादून में त्रिपुरा के छात्र अंजेल चकमा की हत्या कर दी गई थी। इस घटना के दो महीने से भी कम समय बाद, अब दिल्ली में अरुणाचल प्रदेश की तीन महिलाओं को उनके पड़ोसियों ने कुत्सित शब्द धंधेवाली से संबोधित किया और मोमो बेचने को कहा। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि उन्हें अपने ही देश में, और वह भी देश की राष्ट्रीय राजधानी में बेगाना करार दे दिया गया। विडंबना यह है कि यह अभद्रता किसी झगड़े या आवेश की प्रतिक्रिया नहीं थी बल्कि यह पहचान और जातीयता पर लक्षित हमला था।

इस घटनाक्रम के बाद एक व्यक्ति और उसकी पत्नी पर धर्म, जाति व जन्मस्थान आदि के आधार पर कटुता फैलाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा अन्य आरोप भी लगाए गए हैं। निस्संदेह, इस दंपति के आपत्तिजनक व्यवहार ने एक गहरे जख्म को ही उजागर किया है, जो सबका साथ, सबका विकास की अवधारणा को सिरे से खारिज करने वाली सोच है। साल 2014 में नीदो तानिया की हत्या से लेकर 2025 में अंजेल चकमा की हत्या तक, यह दुराग्रहों का सिलसिला साफ नजर आता है। अक्सर आरोप लगाये जाते रहे हैं कि पूर्वोत्तर के छात्रों व श्रमिकों को उनकी शारीरिक बनावट, खान-पान और भाषा के आधार पर निशाना बनाया जाता है। यह विडंबना ही है कि कुछ संकीर्ण लोग भारत की समृद्ध विविधता की विरासत का मर्म नहीं पहचानते हैं। किसी राज्य की भौगोलिक स्थिति, जलवायु व सदियों से चली आ रही संस्कृति हमारे रूप-रंग-भाषा व व्यवहार का निर्धारण करती है। कोस-कोस पर भाषा-पानी बदलने वाले देश की यह विविधता इसकी खूबसूरती भी है। इसके मर्म का सम्मान करना व अंगीकार करना हर भारतीय का दायित्व भी है। पर्वतीय इलाकों का परिवेश व जलवायु व्यक्ति के सरल, सहज, सौम्य व्यवहार व कद-काठी का भी निर्धारण करती है। पूर्वोत्तर समाज में स्त्री प्रधान पारिवारिक व्यवस्था तथा सार्वजनिक जीवन में उसकी महती भूमिका को शेष देश के लोगों द्वारा संशय से देखा जाता है। फलत परस्पर विश्वास की इस सामाजिक व्यवस्था में स्त्री की भूमिका को लेकर नकारात्मक धारणाएं गढ़ ली जाती हैं। यही वजह है कि पूर्वोत्तर के लोगों द्वारा आरोप लगाया जाता कि उनकी महिलाओं को शक की नजर से देखा जाता है और उन पर बिना किसी आधार के अनैतिक गतिविधियों में शामिल होने के आरोप तक लगाए जाते हैं। देश के सर्वोच्च न्यायालय ने भी क्षेत्रीय पहचान को लेकर किए जाने वाले किसी भेदभाव के प्रति अक्सर चेताया है।

मौजूदा घटना क्रम में अरुणाचल प्रदेश की रहने वाली तीन युवतियां अपने किराए के फ्लैट में एसी लगवा रही थीं। इंस्टॉलेशन के दौरान ड्रिलिंग से उठी धूल-मिट्टी नीचे वाले फ्लैट की ओर गिर गई।

नीचे रहने वाली पड़ोसी महिला ने इस पर आपत्ति जताई। शुरुआत में यह सामान्य पड़ोसी विवाद जैसा प्रतीत हो रहा था, लेकिन कुछ ही देर में स्थिति तनावपूर्ण हो गई। आरोप है कि महिला ने गुस्से में युवतियों के खिलाफ नस्लीय और आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। इसी दौरान किसी ने पूरी घटना का वीडियो रिकॉर्ड कर लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।वायरल वीडियो में आरोपी महिला को कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए सुना और देखा जा सकता है। वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। कई यूजर्स ने इसे नस्लीय भेदभाव का मामला बताते हुए सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। पूर्वोत्तर भारत के नागरिकों के साथ भेदभाव को लेकर पहले भी बहस होती रही है, और इस घटना ने इस संवेदनशील मुद्दे को एक बार फिर सुर्खियों में ला दिया है।घटना के बाद पीड़ित युवतियों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। शुरुआती जांच में वायरल वीडियो और अन्य साक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि मामले में अनुसूचित जाति और जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धाराएं भी लागू हो सकती हैं। इसके बाद केस में इन प्रावधानों को जोड़ा गयाजांच आगे बढ़ने के साथ पुलिस ने आरोपी महिला, जिसकी पहचान रूबी जैन के रूप में हुई है, को गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली पुलिस ने जांच के दौरान एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराएं आरोपी के खिलाफ जोड़ी हैं.पुलिस के अनुसार, गिरफ्तारी के बाद पूछताछ जारी है और मामले की जांच एसीपी स्तर के अधिकारी की निगरानी में की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो के अलावा अन्य साक्ष्यों की भी बारीकी से जांच की जा रही है, ताकि पूरे घटनाक्रम की सच्चाई सामने लाई जा सके।इस मामले में अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू समेत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी मामले में प्रतिक्रिया व्यक्त कर दुख जताया है। सब समूचे सभ्य समाज की अवधारणा कुछ इने गिने नासमझ लोगों की टिप्पणी से नहीं आंकी जानी चाहिए ।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)– साभार

## सार्वजनिक जल प्रशासन की गहरी विफलता


**डॉ. सत्यवान सौरभ**

भारत में बोतलबंद पानी पर बढ़ती निर्भरता केवल उपभोक्ता व्यवहार में आए बदलाव की कहानी नहीं है, बल्कि यह सार्वजनिक जल प्रशासन में व्याप्त गहरी और बहुस्तरीय प्रणालीगत समस्याओं की ओर भी स्पष्ट संकेत करती है। कभी जो नल का पानी नागरिकों के लिए बुनियादी अधिकार और राज्य की जिम्मेदारी माना जाता था, वही आज अविश्वास, असुरक्षा और असमानता का प्रतीक बनता जा रहा है। शहरों से लेकर कस्बों और यहां तक कि ग्रामीण इलाकों में भी लोग पीने के लिए प्लास्टिक की बोतलों पर निर्भर होते जा रहे हैं। यह प्रवृत्ति न केवल आर्थिक बोझ बढ़ाती है, बल्कि पर्यावरण, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक शासन की अवधारणा पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती है।आधुनिक भारत में जल संकट को अक्सर वर्षा की कमी, जलवायु परिवर्तन या बढ़ती जनसंख्या से जोड़कर देखा जाता है। हालांकि ये सभी कारक महत्वपूर्ण हैं, लेकिन बोतलबंद पानी की लोकप्रियता का मूल कारण इनसे कहीं अधिक गहरा है। असल समस्या यह है कि नागरिकों का भरोसा सार्वजनिक जल आपूर्ति प्रणालियों से लगातार टूटता जा रहा है। नलों से आने वाले पानी की गुणवत्ता पर संदेह, नियमित आपूर्ति का अभाव, और पारदर्शिता की कमी ने लोगों को वैकल्पिक स्रोतों की ओर धकेल दिया है। जब राज्य अपनी बुनियादी जिम्मेदारी निभाने में असफल होता है, तब बाजार उस खाली स्थान को भर देता है–अक्सर मुनाफे की शर्तों पर।

यह स्थिति विडंबनापूर्ण है, क्योंकि इन्हीं शहरों में सबसे विकसित जल अवसंरचना होने का दावा किया जाता है। यदि इतनी सुविधाओं के बावजूद नागरिक सुरक्षित नल का पानी नहीं पी सकते, तो यह प्रशासनिक विफलता का सीधा प्रमाण है। पाइपलाइन की जर्जर हालत, सीवेज और पेयजल लाइनों का आपस में मिलना, तथा नियमित परीक्षण की कमी–ये सभी समस्याएँ वर्षों से ज्ञात हैं, लेकिन समाधान आधे-अधूरे ही रहे हैं।ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति अलग होते हुए भी उतनी ही चिंताजनक है। वहां बोतलबंद पानी का उपयोग अपेक्षाकृत कम है, लेकिन जैसे-जैसे ग्रामीण बाजारों तक निजी कंपनियों की पहुंच बढ़ रही है, यह निर्भरता वहां भी बढ़ने लगी है। कई इलाकों में भूजल में फ्लोराइड, आर्सेनिक या आयरन की अधिकता के कारण लोग स्थानीय जल स्रोतों से डरने लगे हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

### शब्द पहेली - 8653




**बाएँ से दाएँ**

1. धनुर्धर-2,2
4. तरुणी, नाजनीन-4
7. संतुष्ट होना-5
9. टेलीग्राम-2
11. महोदय (अंग्रेजी-2)
12. कटि, कमरिया-3
14. फटकार, भर्त्सना-4
15. वतन, स्वेदश-4
16. पार होना, पार करना-3
18. विद्रोही-2
19. गरीब, निर्धन-2
21. लोचदार, लचकदार-5
25. पारंपरिक, पुरातन-4
26. कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4

**ऊपर से नीचे**

1. शीघ्रता, जल्दी-3
2. मूल्य, कीमत-2
3. जनता, आम आदमी-2
4. किनारा, कोरा-2
5. इंकार, मनाही-2
6. पानी गर्म करने का यंत्र-3
8. भ्रम, वहम-3
10. साधू, संन्यासी-3,2
11. मुलायम सिंह की राजनीतिक पार्टी-5
12. कपड़े की दीवार-3
13. जिव्हा, जीभ-3
17. रसदार, रसभरा-3
18. कारण, वजह-3
20. नेत्र, लोचन-3
21. बुरी आदत-2
22. एक पड़ोसी देश-2
23. पराया, पंख-3
24. रग, नाड़ी-2

**शब्द पहेली -8652 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | शा | र | दा | | सा | हि | ल | |
| दा | म | | न | | ल | | त | ब |
| खि | | प्रा | व | धा | न | | | रा |
| ल | व | ण | | न | | त | ह | त |
| | | ना | म | | रा | ह | | |
| ती | र | थ | | स | | ल | ग | न |
| स | | | मु | च | ल | का | | क |
| रा | ज | | नी | | ह | | बे | टा |
| | न | र | म | | जा | हि | ल | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### दैनिक पंचांग

**1 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**रविवार** 2026 वर्ष का 60 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** त्रयोदशी 19.10 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पुष्य 08.35 बजे को समाप्त।
**योग** शोभन 14.33 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 07.55 बजे तदनन्तर तैतिल 19.10 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 11.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 07° 40'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872635
**जूलियन दिन** 2461100.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रमजान
**तारीख** 11
**विशेष** रवि प्रदोष व्रत।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.07 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | मेष | 08.38 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 10.18 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.16 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 14.29 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | सिंह | 16.46 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 18.57 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 21.08 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 23.23 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 01.39 बजे से |
| 4.30 से 6.00 | | मकर | 03.44 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 05.30 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ**– **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सार समाचार



## किसान सम्मेलन में 15 हजार से अधिक अन्नदाताओं को मिली 64 करोड़ की सौगात

**एमसीबी।** आज दिनांक 28 फरवरी 2026 को जिला एमसीबी के तीनों विकासखंड मुख्यालय मनेन्द्रगढ़, खड़गवां एवं भरतपुर में कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि वितरण समारोह सह किसान सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कृषकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन बिलासपुर जिले में किया गया, जिसका सीधा प्रसारण प्रदेश के सभी विकासखंड मुख्यालयों में किया गया। जिला एमसीबी के तीनों विकासखंडों में भी लाइव प्रसारण के माध्यम से कृषकों ने कार्यक्रम से जुड़कर शासन की किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।जिला एमसीबी में कुल 15,852 कृषकों को कुल ?64,31,69,326.60 (चैंसठ करोड़ इकतीस लाख उनहत्तर हजार तीन सौ छब्बीस रुपये साठ पैसे) की आदान सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे बैंक खातों में अंतरित की गई। विकासखंडवार विवरण इस प्रकार है विकासखंड खड़गवां के 4 हजार 591 कृषकों को ?18 करोड़ 56 लाख 45 हजार 344.80, विकासखण्ड् मनेन्द्रगढ़ के 5 हजार 736 कृषकों को ?21 करोड़ 33 लाख 62 हजार 525.60 एवं विकासखण्ड् भरतपुर के 5 हजार 525 कृषको को ?24 करोड़ 41 लाख 61 हजार 456.20 रूपये की राशि का वितरण किया गया। यह सहायता राशि किसानों को बीज, उर्वरक, कीटनाशक एवं अन्य कृषि आदानों की व्यवस्था हेतु महत्वपूर्ण आर्थिक संबल प्रदान करेगी।



## प्रधान जिला व् सत्र न्यायाधीश ने किया किशोर न्याय बोर्ड व बालिका गृह का निरीक्षण

**कांकेर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कांकेर संजीव कुमार टामक द्वारा किशोर न्याय बोर्ड, कांकेर एवं बालिका गृह, सिंगारभाट का निरीक्षण किया गया तथा वहां पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों को उनके अधिकार एवं कर्तव्य, न्याय प्राप्ति की प्रक्रिया, संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के अधिकार, परामर्श एवं पुनर्वास की व्यवस्था, बाल संरक्षण तंत्र, बाल कल्याण समिति की भूमिका, स्वास्थ्य, स्वच्छता, मानसिक विकास, डिजिटल सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक जीवन मूल्यों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उन्हें गुड टच बैड टच, चाइल्ड लाइन 1098, शिक्षा का महत्व तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के बारे में समझाया गया। इसके अलावा बच्चों को 12वीं के बाद उपलब्ध शैक्षणिक एवं कैरियर विकल्पों की जानकारी देते हुए नियमित रूप से समाचार पढ़ने के लिए भी प्रेरित किया गया। साथ ही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के विषय में जानकारी दी गई। शिविर में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शांति प्रभु जैन तथा बालिका गृह के बालक-बालिकाएं एवं विधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# शराब दुकान खोलने के विरोध प्रदर्शन के समर्थन में पहुंचे अर्जुन राठौर,संतोषी रात्रे

**सक्ती/एमसीबी**



जिले के मालखरौदा जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम बड़े रेबेली में शासन के अवैध शराब दुकान खोलने के विरोध में ग्राम के सभी नारी शक्तियों द्वारा विगत 6 दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं जिसका समर्थन करने छत्तीसगढ़ राज्य की एक ही मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के जिला अध्यक्ष अर्जुन राठौर जोगी कांग्रेस के प्रदेश महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संतोषी रात्रे ग्राम बड़े बरेली पहुंचे संतोषी रात्रे ने कहा कि शराब भट्ठी से हमारे भविष्य के बच्चे युवा सियान सभी की जिन्दगी बर्बाद हो जाएगा जिससे हमारे महिलाए बहनों की आर्थिक स्थिति जन धन की हानि होना तय है जिसका हम अपनी पार्टी के तरफ से एवं व्यक्तिगत रूप से भी पुरजोर विरोध प्रदर्शन करते हैं यह शराब भट्ठी बंद होनी चाहिए यदि इसे बंद नहीं किया गया तो हम उग्र आंदोलन करने पर बाध्य होंगे जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी,वहीं अर्जुन राठौर ने कहा कि न ही ग्राम पंचायत से अनापत्ति प्रमाण पत्र भी नहीं लिया गया है यहां तक ग्राम के प्रथम नागरिक सरपंच द्वारा नहीं खोलने का निवदेन किया है राठौर ने कहा कि यह शराब एक सामाजिक बुराई है जिसका हम घोर विरोध करते हैं यह बीजेपी सरकार पहले शराब दुकान को सरकारी किया और कांग्रेस सरकार आने पर कांग्रेस सरकार में अपने घोषणा पत्र में लिखा कि कांग्रेस की सरकार बनती है तो हम शराब बंदी करेंगे मगर सरकार बनने के बाद शराब भट्ठी बंद करने के बजाय बढ़ा दिया और शराब के क्वॉलिटी बढ़ा दिया अब बीजेपी की सरकार बनी है तो वह पुनः अवैध शराब भट्ठी खोल रही है जो भविष्य के बच्चे की जिंदगी बर्बाद कर देगा बीजेपी सरकार एक तरफ शासकीय स्कूल को बंद कर रही है इस सरकार की मनसा क्या है मेरे समझ में सरकार यही चाहती है कि हम छत्तीसगढ़िया नशे में लिप्त रहे और एक तरफ छत्तीसगढ़ के महतारियों को सम्मान के रूप में?1000 महतारी वंदन दे रही है और दूसरी तरफ उन्हें माताओं के गांव में शराब दुकान खुलवाकर उनको नसे के लत लगा कर बर्बाद कर रही हैं जिसका विरोध प्रदर्शन कर रही महिलाओं का हम अपनी पार्टी के तरफ से घोर निंदा करते हैं और इस धरना प्रदर्शन का समर्थन करते हैं। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से क्षेत्र के सम्माननीय पत्रकार भूपेंद्र लहरे, सुरज खूंटे ओम चंद्रा , संतोष चंद्रा गुरु चरण पूर्व सरपंच सामाजिक कार्यकर्ता घना राम साहू ग्राम की माताएं बिंदिया चंद्रा अनीता देवी शांति चंद्रा दुर्गा बरेठ एवं सैकड़ो की संख्या में उपस्थिति रहे।

## गिरधर जायसवाल बने जिला कॉंग्रेस के महामंत्री

**सक्ती/एमसीबी**







जिला कॉंग्रेस कमेटी सकती के संगठन के विस्तार प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के अनुशंषा के बाद जिला कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीमती रश्मि गवेल के कार्यकारणी की घोषणा कर दी हैं जिसमे31 कॉंग्रेसजनो को उपाध्यक्ष महामंत्री एवँ सचिव की जिम्मेदारी के साथ 10 कॉंग्रेसी को कार्यकारणी सदस्य बनाया गया हैं पूर्व में ब्लाक अध्यक्ष रहे कॉंग्रेस जनों को सचिव की जिम्मेदारी दी गई हैं वरिष्ठतम सात कॉंग्रेसजनो को उपाध्यक्ष रूप नारायण साहु एवँ वरिष्ठ कॉंग्रेस नेता प्रवक्ता के पद बलराम पाण्डे धनी राम सोनवानी तारा चन्द साहू अमर सिंह बनाफरर भुनेश्वर चंद्रा वहीं जिला महामंत्री पर गिरधर जायसवाल सहित अमित राठौर विजय सूर्यवंशी राजीव जायसवाल घनश्याम देवांगन पिन्टू ठाकुरजितेंद्र बहादुर कुसुम यादव मधुसुदन साहू ओम प्रकाश पटेल बोध साय चन्द्रा ताम्रध्वज चन्द्रा सहित बारह लोगों को महामंत्री बनाया गया हैं लाल बहादुर पटेल कन्हैया कवर कुसुम लता अजगले पारस यादव मनोज जायसवाल रामकुमार राठौर सुभान खान भीष्म देव भारती राजेन्द्र यादव चन्द्र कुमार सोनी जीवन लाल साहू पूर्णिमा चंद्रप्रकाश खूंटे भीषमदेव भारती तेरह कॉंग्रेस नेताओं को सचिव की जिम्मेदारी के साथ कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी आनंद अग्रवाल को दी गई हैं वही दस कॉंग्रेसी उगेंद्र अग्रवाल सविता रात्रे रामबाई सिदार गायत्री सिदार सन्नी राम साहू दूज राम सुनील कुमार पटेल लखन लाल चन्द्रा

जिला कॉंग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के चुनिंदा लोगों को शामिल किया गया हैं जो पार्टी द्वारा होने वाले आयोजन पर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे है कार्यकारणी में खासकर ग्रामीण इलाकों के पंचायत प्रतिनिधियों किसानों युवाओं महिलाओं के साथ सभी वर्गों को जगह दी गई हैं जिला कॉंग्रेस कमेटी कार्यकरणी में नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण महन्त विधायक रामकुमार यादव विधायक बालेश्वर साहु की सहमति पर तैयार की गई हैं उक्त जानकारी गिरधर जायसवाल ने दी।

## नव जागृति शाला में विज्ञान दिवस का आयोजन

**तखतपुर/एमसीबी**





नव जागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 28 फरवरी को *राष्ट्रीय विज्ञान दिवस*के उपलक्ष में बच्चों द्वारा विज्ञान विषय पर सेमिनार तथा अति सुंदर ,मनमोहक, एवं क्रियाशील विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की संस्थापिका एवं प्राचार्या श्रीमती एस.पी.सैमुएल के द्वारा सभी को विज्ञान दिवस की बधाई देते हुए किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने ज्ञान व कला के माध्यम से अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन व पालको के सहयोग से मॉडल का निर्माण किया गया जिसमें पाचन तंत्र, उत्सर्जन तंत्र, परिवहन तंत्र ,सोलर सिस्टम वर्षा जल संरक्षण ,भूकंप अलर्ट चंद्रयान -3,पवन चक्की ,वाटर फिल्टर जैसे विभिन्न मॉडल बनाएं इन्होंने अपने सेमिनार और मॉडल के माध्यम से सभी को यह संदेश दिया कि वर्तमान युग विज्ञान का युग है इसमें कोई शंका नहीं हर चीज विज्ञान के सिद्धांत पर ही कार्य करते हैं इन्हें नकारा नहीं जा सकता किंतु इन चीजों का प्रयोग मानव मस्तिष्क पर निर्भर करता है संस्था की प्राचार्य महोदया जी ने सभी बच्चों को उनके द्वारा किए गए कार्यों की बधाई देते हुए उनका उत्साह वर्धन किया और कहा कि बच्चे नन्हे वैज्ञानिक होते हैं वह जिज्ञासु होते हैं उनमें भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण होना अति आवश्यक है जो हम सभी के सहयोग से ही संभव है संस्था प्रभारी श्री समित सैमुएल तथा श्रीमतीआयरिस बरखा सैमुएल जी ने डॉक्टर सी. वी .रमन के कार्यों को याद करते हुए कहा कि इनके द्वारा रमन प्रभाव की खोज की थी जिसके लिए आज 28 फरवरी को विज्ञान दिवस मनाया जाता है इन्होंने भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा किए गए कार्यों की विवेचना करते हुए सभी बच्चों का मार्गदर्शन किया और अपने उद्बोधन के माध्यम से कहा कि अति सर्वत्र वर्जयेत अर्थात हर चीज की अधिकता को नकारा जाता है क्योंकि मशीनरी चीजों का अधिक उपयोग करने से मानव की शारीरिक और मानसिक कार्यशीलताकम होने लगी है इसलिए बच्चे अधिक से अधिक परिश्रम करें और अपनी बुद्धि का उपयोग करें

पालको एवं अभिभावकों ने विद्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि नव जागृति विद्यालय में बच्चों को न केवल पुस्तकिय ज्ञान दिया जाता है बल्कि उनके कला को भी निखार जाता है जो सराहनीय है इस तरह के कार्यक्रम विद्यालय में आयोजित होना अति आवश्यक है जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके ।कार्यक्रम का सफल संचालन विज्ञान प्रभारी श्री दुर्गेश धुरी ,अंजनी जांगड़े मैडम द्वारा किया गया कार्यक्रम के अंत में गीता यादव मैडम जी द्वारा सभी का धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई इस कार्यक्रम में शाला परिवार के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे ।

## सुशासन तिहार में जनसंपर्क विभाग की आकर्षक प्रदर्शनी ने खींचा लोगों का ध्यान



**विजय मत/दंतेवाड़ा।** सुशासन तिहार के अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा महत्वाकांक्षी योजनाओं और राज्य की उपलब्धियों को जीवंत छायाचित्रों एवं जानकारीपूर्ण सामग्री के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और मोदी की गारंटी जैसी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई है।इसी क्रम में आज दंतेवाड़ा जिले के विकासखंड गीदम अंतर्गत ग्राम तुमनार में भी सुशासन तिहार के तहत विशेष कार्यक्रम एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। यहाँ बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्याएँ, किसान तथा युवा वर्ग प्रदर्शनी का अवलोकन कर शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। प्रदर्शनी स्थल पर विभागीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित नागरिकों को विभिन्न योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं लाभ की जानकारी विस्तार से दी जा रही है।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर शा.पूर्व माध्यमिक शाला पिवरी में विविध शैक्षणिक गतिविधियाँ आयोजित

**सूरजपुर/अंबिकापुर**







राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के पावन अवसर पर विकासखण्ड रामानुजनगर के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पिवरी में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण के संवर्धन हेतु विज्ञान प्रश्नोत्तरी कार्यशाला तथा चित्रकला प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में जिज्ञासा, तार्किक सोच तथा विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करना था।कार्यशाला के दौरान विद्यालय के शिक्षकों द्वारा विज्ञान एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित रोचक और ज्ञानवर्धक प्रश्न पूछे गए, जिनका विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया। इस प्रश्नोत्तरी सत्र ने बच्चों में सीखने की नई ऊर्जा का संचार किया तथा उन्हें विभिन्न विषयों के बारे में नई जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला। शिक्षकों ने सरल उदाहरणों और दैनिक जीवन से जुड़े तथ्यों के माध्यम से विज्ञान के महत्व को समझाया, जिससे विद्यार्थियों में विषय के प्रति विशेष उत्सुकता देखने को मिली।

कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में भी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विज्ञान विषय पर आधारित सुंदर चित्र प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में कक्षा 7वीं की छात्रा कु. रजंती राजवाड़े ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें संस्था के प्रधान पाठक द्वारा पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। अन्य प्रतिभागियों की भी सराहना करते हुए शिक्षकों ने सभी बच्चों को निरंतर सीखते रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर शिक्षकों ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हमें जिज्ञासु बनने, प्रश्न पूछने, प्रयोग करने और वैज्ञानिक सोच अपनाने की प्रेरणा देता है। विज्ञान केवल विषय नहीं, बल्कि जीवन को समझने और समाज के विकास में योगदान देने का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रधान पाठ गुलाब चंद यादव, शिक्षक अंबिका प्रसाद साहू, श्रीमती शकुंतला बघेल तथा विद्यालय के भृत्य वर्ग की सक्रिय एवं सराहनीय सहभागिता रही। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन को ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं यादगार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कृषक उन्नति योजना: सीएम साय ने वर्चुअल माध्यम से सक्ती जिले के किसानों के खातों में 346.59 करोड़ की राशि का किया अंतरण

### जिले के 88307 किसानों के खाते में आदान सहायता राशि का किया गया वितरण

**सक्ती/रायगढ़**





मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज बिलासपुर जिले से वर्चुअल माध्यम से जुड़ कर कृषक उन्नति योजना अंतर्गत सक्ती जिले के किसानों के खाते में 346.59 करोड़ रूपए की राशि का सीधा अंतरण किया। मुख्यमंत्री साय द्वारा आज जिले के 88307 किसानों के खाते में आदान सहायता राशि का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम मे विभिन्न जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किसानों को बोनस राशि प्रमाण पत्र का वितरण भी किया गया। साथ ही कृषि विभाग द्वारा विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन विकासखण्ड मालखरौदा, डभरा एवं जैजैपुर के कार्यालय जनपद पंचायत सभागार में विभिन्न क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियो व किसानों की उपस्थित किया गया। खरीफ विपणन वर्ष 2025 26 में बेचे गए धान का किसानों के खातों में अंतर की राशि अंतरित होने से जिले के किसानों में उत्साह का माहौल है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने संबोधित करते हुए सर्वप्रथम जिले के सभी किसानों को कृषक उन्नति योजना के तहत आदान सहायता राशि प्राप्त होने की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज हम सभी के लिए बहुत ही गर्व का दिन है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा इस योजना से जिले के किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि कलेक्टर श्री अमृत विकास तोपनों द्वारा जिले के किसानों को खेती किसानी की सुविधा के लिए संबंधित अधिकारियों से बात कर आगामी कुछ दिनों में नहर के माध्यम से पानी दिलाया जाएगा। जिससे जिले के किसानों को खेती किसानी में सुविधा होगी। सांसद श्रीमती जांगड़े ने कहा कि आप सभी किसान कृषि विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लें। उन्होंने किसानों को बताया कि कम पानी के साथ भी किसान दलहन, तिलहन जैसी अन्य फसल भी ले सकते है। सांसद ने सभी किसानों को कृषि विभाग के अधिकारियों से सतत संपर्क में रहते हुए विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने प्रेरित किया। इसी क्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दौपदी कीर्तन चंद्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानो की आय बढ़ाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। जिससे जिले के किसान भी लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने सभी किसानों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। इसी प्रकार अन्य विभिन्न जनप्रतिनिधियों द्वारा भी कार्यक्रम में संबोधित करते हुए जिले के सभी किसानों को बधाई और शुभकामनाए दी गई। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, पूर्व मंत्री मेघा राम साहू, पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमल किशोर पटेल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विद्या सिदार, आयुष शर्मा, राजा धर्मेंद्र सिंह, कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, उप संचालक कृषि विभाग तरुण प्रधान सहित अन्य विभिन्न जनप्रतिनिधि विभिन्न संबंधित अधिकारी कर्मचारी और बडी संख्या में जिले के किसान उपस्थित थे।

## जल जीवन मिशन: तय सीमा में काम पूरा न करने वाले ठेकेदारों पर गिरेगी गाज



**विजय मत/दंतेवाड़ा।** आज जिला कार्यालय में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यों का ग्रामवार समीक्षा किया गया। उन्होंने बैठक में कहा कि जिन योजनाओं में 70 प्रतिशत से अधिक का भुगतान हो चुका है, उन्हें त्वरितगति से पूर्ण करें साथ ही जिन ठेकेदारों को अनुबंधों में 70 प्रतिशत से अधिक भुगतान हो चुका है, उन्हे अनुबंधों को 100 प्रतिशत पूर्ण करने हेतु कड़ाई से निर्देशित किया जाए। कलेक्टर ने यह भी कहा कि कार्य पूर्ण नहीं करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए ब्लैक लिस्टेड किया जायेगा। इसके साथ ही ऐसे ठेकेदारों को न तो जिले में शासकीय विभागों से ठेका मिलेगा साथ ही साथ उन्हें जिले के आस-पास के जिलों में भी निविदाओं में भाग लेने से वंचित भी कर दिया जायेगा।

कलेक्टर ने बैठक में 70 प्रतिशत से अधिक भुगतान के अनुबंधों के कार्य 31 मार्च 2026 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। समीक्षा के दौरान विभाग द्वारा कुछ ग्रामों के डीपीआर में छूटे गये पारों, टोलों में अतिरिक्त पाईप लाईन की आवश्यकता बताये जाने पर कलेक्टर ने निरीक्षण पश्चात विस्तृत जानकारी के साथ प्रस्ताव प्रेषित करने को कहा। इसके साथ ही जिन ग्रामों के जल टंकी के कार्यों की निविदाओं में ठेकेदार नहीं भाग ले रहे है। उन ग्रामों में जीआई स्ट्रक्चर जैसे विकल्प को शामिल करते हुए योजना पुनरीक्षण के प्रस्ताव प्रेषित किये जायें। जल जीवन मिशन के कार्यों के समीक्षा के बाद कलेक्टर द्वारा नगर पंचायतों, नगर पालिका के अधिकारियों से नगरों में पेयजल व्यवस्था तथा समस्याओं के बारे में जानकारी लिया गया नगरों में पेयजल व्यवस्था तथा पेयजल समस्याओं की जानकारी उपस्थित अधिकारियों द्वारा दिया गया।

# प्रदेश की साय सरकार किसान हितैषी: किरण सिंह देव

## इस बार की होली, लेकर आई खुशहाली: देव

**विजय मत/जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने होली से पूर्व प्रदेश के 25 लाख से ज्यादा किसानों को धान विक्रय मूल्य की अंतर राशि का एकसाथ और एकमुश्त भुगतान करने की राज्य सरकार की पहल का स्वागत करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने किसानों के हित में ऐतिहासिक कदम उठाया है। श्री देव ने शनिवार को यहां मीडिया से चर्चा के दौरान इसे किसानों के लिए होली का एक बड़ा उपहार बताते हुए कहा कि सरकार ने होली से पहले भुगतान करने का अपना वादा पूरा किया है।

भाजपा प्रदेश श्री देव ने अंतर राशि प्राप्त करने वाले सभी किसान भाइयों को बधाई दी और कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करती है। प्रदेश सरकार का यह निर्णय मोदी की गारंटी और साय सरकार के सुशासन का प्रतीक है। मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में



प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के हित में अनेक योजनाओं व कार्यक्रमों पर अमल कर रही है, जिनसे किसानों की सर्वतोमुखी उन्नति व खुशहाली के द्वार खुल रहे हैं। श्री देव ने विश्वास दिलाया कि श्री साय के नेतृत्व वाली सरकार निरंतर किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास के लिए कार्य करती रहेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कांग्रेस द्वारा बिलासपुर क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने के आरोपों पर पलटवार कर विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि भाजपा सरकार बस्तर से लेकर सरगुजा तक, पूरे छत्तीसगढ़ के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। श्री देव ने तंज कसते हुए कहा कि जब बस्तर में विकास होता है या सरगुजा में कार्यक्रम होते हैं, तब भी विपक्ष को आपत्ति होती है, जो उनकी नकारात्मक राजनीति को दर्शाता है।

## एक हार्ड कोर महिला नक्सली है अभी विधायक

# तेलंगाना में चुनाव लड़ेंगे आत्मसमर्पित 4 नक्सली नेता

**अर्जुन झा**

**विजय मत/जगदलपुर।** बस्तर सहित दंडकारण्य में दशकों तक दहशत का पर्याय रहे पूर्व नक्सली नेता अब तेलंगाना में विधानसभा चुनाव लड़ने वाले हैं। एक आत्मसमर्पित हार्ड कोर महिला नक्सली वर्तमान में तेलंगाना में विधानसभा की सदस्य भी है। इन नक्सली नेताओं ने आज तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से मुलाकात भी की।

बस्तर के जंगलों में दशकों तक आतंक मचाए रखने वाले करीब आधा दर्जन टॉप नक्सली लीडर्स ने कुछ दिनों पहले ही तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक शिवधर रेड्डी और अन्य पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसर्पण किया था। इनमें नक्सली लीडर देवजी उर्फ तिपीरी तिरुपतैया, मल्ला राजी रेड्डी उर्फ संग्राम, बड़े



**तेलंगाना में आत्म समर्पित माओवादी नेताओं ने मुख्य मंत्री रेवंत रेड्डी से की मुलाकात...**

*बस्तर सहित दंडकारण्य में दशकों तक दहशत का पर्याय रहे पूर्व माओवादी नेता देवजी, संग्राम, सुजाता, चंद्रन्ना, दामोदर और गगन्ना ने आत्मसमर्पण के बाद तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से मुलाकात की... इस दौरान डीजीपी शिवधर रेड्डी एवं अन्य अधिकारी भी मौजूद थे...जानकारी के मुताबिक इनमें से कम से कम चार माओवादी नेता आगामी तेलंगाना विधानसभा चुनाव में चुनाव लड़ने की तैयारी में है अब देखना यह दिलचस्प होगा कि इनकी रक्तरंजित पृष्ठभूमि देखते हुए राजनैतिक दल कितनों को प्रत्याशी बनाते है और जनता कितनों को अपना प्रतिनिधि...!

चोक्का राव उर्फ दामोदर उर्फ जगन, नूने नसरसिम्हा रेड्डी उर्फ गंगम्मा उर्फ सन्नू दादा सुजाता और चंद्रन्ना ने आदि नक्सली शामिल हैं। इन सभी नक्सली नेताओं ने आज तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से मुलाकात की। इस दौरान डीजीपी शिवधर रेड्डी एवं अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। जानकारी के मुताबिक इनमें से कम से कम चार नक्सली नेता तेलंगाना विधानसभा का आगामी चुनाव लड़ने की तैयारी मे हैं। इस बात की घोषणा कुछ दिनों पहले ही देवजी ने कर दी थी। ज्ञात हो पूर्व में आत्मसमर्पण कर चुकी एक हार्ड कोर महिला नक्सली वर्तमान में तेलंगाना विधानसभा की सदस्य भी है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि इनकी रक्तरंजित पृष्ठभूमि को देखते हुए राजनैतिक दल कितनों को प्रत्याशी बनाते हैं और जनता कितनों को अपना प्रतिनिधि चुनती है ?

## सर्दी खांसी का इलाज झोलाछाप डॉक्टर से कराना पड़ा महंगा

# झोलाछाप डॉक्टर के इंजेक्शन से गई महिला की जान, प्रत्यक्षदर्शियों ने लगाया आरोप

**बलौदा बाजार/बस्तर**

पलारी थाना इलाके के गांव छेरकाडीह में 25 साल की गर्भवती महिला की मौत इलाज के दौरान हो गई. कथित डॉक्टर के क्लिनिक में मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि महिला की मौत, झोलाछाप डॉक्टर के इलाज की वजह से हुई. पीड़ित महिला सर्दी खांसी के इलाज के लिए कथित डॉक्टर के क्लीनिक पहुंच थी. महिला के परिवार वालों ने बिना पोस्टमार्टम कराए शव का अंतिम संस्कार कर दिया.

मृतका इंदु साहू को सर्दी-खांसी की शिकायत थी. गुरुवार को वह गांव में ही इलाज कराने कथित डॉक्टर जयंत साहू के पास पैदल पहुंची. परिजनों के अनुसार, जब वह पहली बार वहां गई तो डॉक्टर घर पर नहीं था, इसलिए वह वापस लौट आई. कुछ समय बाद जब जानकारी मिली कि वह आ गया है, तो इंदु दोबारा क्लिनिक पहुंची. कथित डॉक्टर का कहना है कि इंदु को सामान्य सर्दी-खांसी थी और वह करीब 15-20 मिनट तक क्लिनिक में रही. इसी दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई. लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो महिला को इंजेक्शन लगाने के बाद उसकी हालत




तेजी से बिगड़ने लगी. महिला लगातार उल्टियां करने लगी, चंद मिनटों में ही महिला बेहोश हो गई.

### इंजेक्शन लगाने के बाद बिगड़ी तबीयत: प्रत्यक्षदर्शी

गांववालों का कहना है, इंजेक्शन दिए जाने के कुछ ही मिनट बाद इंदु ने घबराहट की शिकायत की, उल्टी करने लगी. देखते ही देखते वह जमीन पर गिर गई. क्लिनिक में मौजूद लोग घबरा गए. कथित डॉक्टर जयंत साहू का दावा है, उसने बेहोश महिला को पानी पिलाया, जिससे वह कुछ क्षण के लिए होश में आई, लेकिन फिर दोबारा अचेत हो गई. हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि उसे कौन-सी दवा दी गई थी, क्या मात्रा थी और क्या गर्भावस्था की जानकारी कथित डॉक्टर को थी.

### अस्पताल पहुंचने से पहले मौत

जब इंदु काफी देर तक घर नहीं लौटी तो उसकी सास कांति साहू उसे ढूंढते हुए क्लिनिक पहुंची. वहां उन्होंने बहू को अपने पति की गोद में अचेत अवस्था में देखा. आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी ले जाया गया. अस्पताल पहुंचने पर ड्यूटी डॉक्टर ने जांच के बाद बताया कि महिला की मौत अस्पताल लाने से पहले ही हो चुकी थी. अस्पताल प्रबंधन के अनुसार दोपहर करीब 2 बजे शव लाया गया था. बीएमओ डॉ. पंकज वर्मा ने बताया कि महिला को अस्पताल लाने वालों में कथित डॉक्टर जयंत साहू भी शामिल था.

### चार घंटे तक मंथन, फिर बिना पीएम ले गए शव

अस्पताल में करीब 4 घंटे तक परिजन आपस में चर्चा करते रहे. इस दौरान पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पर बात हुई. लेकिन अंततः शाम करीब 6 बजे परिजनों ने लिखित आवेदन देकर पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया. इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया और बिना पोस्टमार्टम अंतिम संस्कार कर दिया गया. यहीं से यह मामला और गंभीर हो गया. इस पूरे घटनाक्रम में अब तक थाना स्तर पर कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई. किसी प्रकार की आधिकारिक शिकायत भी सामने नहीं आई है.

### पुलिस में रिपोर्ट भी नहीं हुई दर्ज

ग्रामीण इलाकों में बिना डिग्री के इलाज करने वाले झोलाछाप डॉक्टरों का नेटवर्क लंबे समय से सक्रिय है. मामूली बीमारियों से लेकर गंभीर मामलों तक में ऐसे लोग इलाज करते नजर आते हैं. कई बार मरीजों की जान पर बन आती है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सख्ती शायद ही कभी दिखती है.

### प्रशासनिक चुप्पी भी सवालों के घेरे में

अब तक न तो स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई औपचारिक बयान आया, न अवैध क्लिनिक पर कार्रवाई की जानकारी मिला. इंदु साहू की शादी को ज्यादा समय नहीं हुआ था. वह गर्भवती थी और परिवार में नए मेहमान के आने की स्वागत की तैयारी चल रही थी. लेकिन एक साधारण सर्दी-खांसी के इलाज ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया. गांव में शोक का माहौल है. परिजन अब भी सदमे में हैं.

### क्या है कानून प्रक्रिया

बिना पोस्टमार्टम के अंतिम संस्कार हो जाने से कानूनी प्रक्रिया जटिल हो गई है. अगर भविष्य में कोई शिकायत दर्ज होती है, तो साक्ष्यों की कमी बड़ी बाधा बन सकती है. कानून के जानकारों का मानना है कि ऐसी परिस्थितियों में स्वतः संज्ञान लेकर जांच की जा सकती है, खासकर जब मामला संदिग्ध हो और मौत क्लिनिक में हुई हो।

# कृषि उन्नति योजना: आदान सहायता राशि वितरण समारोह सम्पन्न



**विजय मत/मुंगेली।** कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को आदान सहायता राशि वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम मुंगेली में कृषि उपज मंडी परिसर, लोरमी में मानस मंच एवं पथरिया में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बिलासपुर जिले के बिल्हा विकासखंड के ग्राम रहंगी में आयोजित मुख्य कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेशभर के किसानों के बैंक खातों में 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की अंतर राशि का एकमुश्त अंतरण किया। जिले में इस योजना के तहत 01 लाख 05 हजार 700 से अधिक किसानों के खातों में कुल 387 करोड़ 57 लाख रुपये से अधिक की राशि अंतरित की जाएगी। कृषि उन्नति योजना अंतर्गत कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे और शासन द्वारा उनके खातों में अंतरित की जा रही सहायता राशि को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला।

**1.05 लाख से अधिक किसानों के खातों में 387 करोड़ से अधिक राशि पहुंची, चेहरों पर दिखी खुशहाली**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले उपस्थित रहे। उनके साथ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार, जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, नगर पालिका उपाध्यक्ष जय प्रकाश मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य रजनी मानिक सोनवानी, वरिष्ठ नागरिक शैलेष पाठक सहित अपर कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पांडेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय, अपर कलेक्टर श्री जी.एल. यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा, मुंगेली एसडीएम श्री अजय शतरंज तथा कृषि विभाग की श्रीमती वीना ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। इसके पश्चात अतिथियों ने किसानों को आदान सहायता राशि मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### किसानों के चेहरों पर दिखी खुशियां: विधायक मोहले

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री मोहले ने कहा कि आदान सहायता राशि सीधे किसानों के खातों में पहुंचने से उनके चेहरों पर खुशियां साफ दिखाई दे रही हैं। उन्होंने सभी किसानों को बधाई देते हुए आगामी होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि किसानों को ऋण पर किसी प्रकार का ब्याज नहीं देना पड़ता, जिससे उन्हें आर्थिक राहत मिलती है। विधायक ने किसानों को धान के साथ-साथ दलहन और तिलहन जैसी अन्य फसलों की खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने किसान समृद्धि योजना के तहत प्रतिवर्ष 06 हजार रूपए की सहायता राशि मिलने की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय ने किसानों को संबोधित करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की और कहा कि सरकार किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है। अपर कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पांडेय तिवारी ने किसानों को बधाई देते हुए कहा कि शासन की मंशा किसानों को आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनाना है।

# जगदलपुर में दो नए टेनिस कोर्ट की दरकार, संघ के पदाधिकारी मिले लेक्टर से

**विजय मत/जगदलपुर।** पुराने टेनिस कोर्ट की मरम्मत एवं दो नए टेनिस कोर्ट की मांग को लेकर जगदलपुर टेनिस संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर से मुलाकात की। जगदलपुर टेनिस संघ के पदाधिकारियों ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग को ज्ञापन सौप कर इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में दो नए कोर्ट एवं पुराने दो कोर्ट की नवनीकरण की मांग की थी। उसी तारतम्य में जगदलपुर कलेक्टर से मुलाकात की। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि संघ द्वारा बस्तर में लगातार किए गए प्रयासों से टेनिस खिलाड़ियों की संख्या में निरंतर बढ़ोत्तरी हो रही है, अभी 100 खिलाडी टेनिस खेल रहे हैं एवं सीख भी रहे हैं। शाम को टेनिस अकादमी में 50 बालक एवं बालिकाएं खेल रहे हैं। इनमें से कई खिलाड़ी आज राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर अंडर 12, अंडर, 14 अंडर 16 एवं अंडर 18 बस्तर का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। पूर्व निर्मित कोर्ट सिर्फ 2 ही हैं और एक बार में डबल्स में सिर्फ 8 खिलाडी ही खेल सकते हैं। इसलिए दो और नए कोर्ट का निर्माण आवश्यक है। पुराने दोनों कोर्ट का नविनीकरण भी कराया जाना है। एस्फाल्ट सिंथेटिक कोर्ट का मटेरियल सख्त हो गया है जो आईटीएफ के मानकों के अनुसार नहीं है। जिसके कारण खिलाड़ियों को चोट का भय हमेशा बना रहता है। आल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के तय मानकों के अनुसार कोर्ट की दशा सही नहीं है, जिसके कारण राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बस्तर को प्रतिनिधित्व नहीं मिल पा रहा है। मानकों के अनुसार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता हेतु न्यूनतम चार टेनिस कोर्ट होना अनिवार्य है। जगदलपुर टेनिस एसोसिएशन ने संभाग स्तरीय टेनिस प्रतियोगिता लगातार तीन वर्षो से सफलता पूर्वक करवाई है। आगे वह राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता भी करवाने इच्छुक एवं सक्षम है। पदाधिकारियों ने आगे बताया कि कलेक्टर आकाश छिकारा के समक्ष संघ ने अपना प्रस्ताव रखा एवं कलेक्टर ने सकारात्मक रुख के साथ आश्वासन दिया। कलेक्टर से मुलाकात करने वालों में टेनिस संघ के अध्यक्ष डॉ. केएल आज़ाद, संरक्षक हरदीप सिंह गैदू, सचिव थॉमस फिलिप एवं कोषाध्यक्ष श्याम पंजियार के साथ अन्य सदस्य शामिल थे।




# फूल और सब्जियों से बिखरेंगे रंग, महिलाओं ने बनाया हर्बल गुलाल, सेफ होली का दे रही संदेश

**विजय मत/दंतेवाड़ा**

बस्तर संभाग में महिला सशक्तिकरण की एक अनोखी मिसाल सामने आई है. मां दंतेश्वरी स्व सहायता समूह की महिलाएं इस बार की होली को पूरी तरह प्राकृतिक रंगों से रंगने की तैयारी में जुटी हैं. दंतेवाड़ा जिला प्रशासन द्वारा प्रदान की गई ट्रेनिंग ने इन महिलाओं के जीवन में नया आत्मविश्वास जगाया है.

सब्जियों और फूलों से बने हर्बल गुलाल ने न सिर्फ इनके चेहरे पर मुस्कान लाई है, बल्कि आमदनी का सशक्त माध्यम बनकर इन्हें आर्थिक रूप से मजबूत भी किया है. प्राकृतिक रंगों से आत्मनिर्भरता की ओर कदम जिला प्रशासन और जीव विज्ञान केंद्र की पहल पर मां दंतेश्वरी स्व सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को खास प्रशिक्षण दिया गया.



प्रशिक्षण में महिलाओं को बताया गया कि कैसे पालक, लाल भाजी, गेंदा फूल, टेसू फूल सहित कई तरह की सब्जियों और फूलों से सुरक्षित, सुगंधित और कोमल हर्बल गुलाल तैयार किया जाता है. महिलाओं के अनुसार, हर्बल गुलाल के कोई साइड इफेक्ट नहीं हैं और यह पूरी तरह जैविक तरीकों से तैयार किया जाता है. पारंपरिक और रासायनिक गुलाल की तुलना में यह पर्यावरणङ्कअनुकूल है तथा त्वचा के लिए पूरी तरह से सुरक्षित है. समूह की महिलाओं ने ईटीवी की टीम से बातचीत में बताया कि प्रशिक्षण मिलने के बाद उनका आत्मविश्वास कई गुना बढ़ गया है. सागङ्कसब्जियों से रंग निकालना, उसे सुखाना, छानना और पैकिंग जैसी प्रक्रिया को अब महिलाएं खुद संभाल रही हैं. इससे न सिर्फ उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है, बल्कि उनमें नेतृत्व और टीमवर्क की भावना भी मजबूत हुई है.पहले इस काम की जानकारी नहीं थी, लेकिन जिला प्रशासन ने ट्रेनिंग दी और आज हम अपने पैरों पर खड़ी हैं. काम बढ़ रहा है और मुनाफा भी अच्छा मिल रहा है - शांति कुमारी, सदस्य महिला स्व सहायता समूह।

## विकास और शिक्षा बन रही बस्तर की पहचान

# नक्सलगढ़ से नॉलेज हब तक, विज्ञान प्रदर्शनी बनी नई उम्मीद

**विजय मत/दंतेवाड़ा**

जिला जिसे कभी नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में जाना जाता था, आज शिक्षा, विकास और नवाचार की नई मिसाल बन रहा है. जिले में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी ने यह साबित कर दिया कि सही अवसर और मार्गदर्शन मिले तो यहां के बच्चे किसी से कम नहीं हैं. जिला प्रशासन के सहयोग से ृरूहस्र इंडिया कंपनी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा मंच दिया.






### 500 से अधिक बच्चों ने दिखाया हुनर

जिले के अलगङ्कअलग स्कूलों से आए 500 से ज्यादा छात्रों ने प्रदर्शनी में भाग लिया. बच्चों ने विज्ञान से जुड़े मॉडल तो बनाए ही, साथ ही बस्तर की संस्कृति, कृषि, पर्यावरण और ऽकबाड़ से जुगाड़ऽ जैसे विषयों पर भी शानदार प्रस्तुति दी. इससे साफ दिखा कि क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है.

### नेत्रबाधित बच्चों का अनोखा कृषि मॉडल

सक्षम आवासीय परिसर के नेत्रबाधित बच्चों ने एक विशेष कृषि यंत्र का मॉडल बनाकर सभी को प्रभावित किया. उन्होंने बताया कि रासायनिक खादों के अधिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरता घटती है, नमी कम होती है और जमीन कठोर हो जाती है. इससे उत्पादन प्रभावित होता है. उनका संदेश था धरती मां स्वस्थ रहेगी तभी खेती और भविष्य सुरक्षित रहेगा. यह प्रस्तुति यह भी साबित करती है कि प्रतिभा किसी सीमा में बंधी नहीं होती.

### छात्रा सरिता का पर्यावरण संदेश

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा सरिता ने पर्यावरण संरक्षण पर मॉडल प्रस्तुत किया. उनका कहना था प्रकृति हमारा जीवन है, इसे बचाना हमारा कर्तव्य है. उन्होंने प्रदूषण, पेड़ों की कटाई और रासायनिक उपयोग से होने वाले नुकसान को अपने मॉडल के माध्यम से समझाया.

आयोजन में शामिल ृरूहस्र इंडिया कंपनी के जीएम ने बताया कि उनका उद्देश्य जिले के अंतिम छोर तक रहने वाले बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य और बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है. उनका विश्वास है कि दंतेवाड़ा के बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक और अधिकारी बनने की पूरी क्षमता रखते हैं.

विज्ञान प्रदर्शनी ने साबित कर दिया कि दंतेवाड़ा अब सिर्फ नक्सल घटनाओं के लिए नहीं, बल्कि उभरती प्रतिभाओं के लिए भी पहचाना जाएगा. आज यहां के बच्चे बड़े सपने देख रहे हैं और उन्हें पूरा करने के लिए मेहनत भी कर रहे हैं. आने वाले समय में यही बच्चे जिले और बस्तर का नाम रोशन करेंगे.

### शिक्षा पर प्रशासन का विशेष ध्यान

जिला प्रशासन ने दूर-दराज के इलाकों के बच्चों के लिए कई सुविधाएं शुरू की हैं. निःशुल्क आवासीय हॉस्टल और आश्रम स्कूल में मुफ्त शिक्षा और भोजन के साथ बेहतर पढ़ाई की व्यवस्था की जा रही है. इन प्रयासों का असर अब साफ दिखाई देने लगा है. बच्चे आत्मविश्वास के साथ विज्ञान जैसे विषयों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

# तीसरे वनडे में उतरेगी भारतीय महिला टीम, बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में सुधार की सख्त जरूरत



**होबार्ट,एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो वनडे में एकतरफा हार झेलने के बाद मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय महिला क्रिकेट टीम अब पूरी तरह बैकफुट पर खड़ी है। रविवार को होबार्ट में होने वाला तीसरा और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच भारत के लिए केवल सम्मान बचाने का मौका है। ऑस्ट्रेलिया पहले ही 2-0 की अजेय बढ़त लेकर श्रृंखला अपने नाम कर चुका है और यह लगातार 12वीं बार है जब भारत द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला में इस प्रतिद्वंद्वी से हार चुका है। भारत की सबसे बड़ी चिंता उसकी कमजोर बल्लेबाजी रही है। पहले वनडे में पावरप्ले के भीतर ही तीन महत्वपूर्ण विकेट खोने के बाद टीम 214 पर सिमट गई। दूसरे वनडे में हालांकि टीम ने 78 रनों की शानदार साझेदारी से शुरुआत की, लेकिन मध्य और निचले क्रम ने इसे भुनाया नहीं। 17वें से 31वें ओवर के बीच मात्र 52 रनों पर पांच विकेट गंवाना टीम के पतन की बड़ी वजह रहा। परिणामस्वरूप भारत नौ विकेट पर 251 रन ही बना पाया, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने आसानी से हासिल कर लिया।

टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने जहां दो अर्धशतक जड़े, वहीं युवा सलामी बल्लेबाज प्रतीका रावल ने शून्य पर आउट होने के बाद शानदार अर्धशतक से वापसी की। स्मृति मंधाना भी दो मैचों में 31 और 58 रन बनाकर अच्छी लय में दिखीं। लेकिन अनुभवी खिलाड़ियों जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा का फॉर्म टीम के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। हरमनप्रीत ने भी स्वीकार किया कि टीम ने बार-बार वही गलतियां दोहराईं और महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट गंवाए जिससे बड़ा स्कोर खड़ा नहीं हो सका। भारत की गेंदबाजी की स्थिति भी उतनी मजबूत नहीं दिखी। दीप्ति ने दो मैचों में तीन विकेट जरूर लिए, लेकिन उनके अलावा तेज गेंदबाज काशवी गौतम और क्रांति गौड़ को पावरप्ले में अधिक प्रभावी होने की जरूरत है। श्री चरणी पहले मैच में दो विकेट लेने के बाद दूसरे मैच में काफी महंगी साबित हुईं। खराब फील्डिंग ने टीम की परेशानियां और बढ़ाई गौड़, मंधाना और ऋचा घोष के कैच छोड़ने से ऑस्ट्रेलिया को और बढ़त मिली।इसके विपरीत ऑस्ट्रेलियाई टीम ने हर विभाग में अपना दबदबा कायम रखा है। दूसरे वनडे में जॉर्जिया वोल के दमदार शतक और फीबी लिचफील्ड की शानदार बल्लेबाजी ने मैच को एकतरफा बना दिया। पहले मैच में बेथ मूनी, एलिसा हीली और एनाबेल सदरलैंड ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया था। गेंदबाजी में मेगन शट, एशले गार्डनर, अलाना किंग और सदरलैंड ने लगातार विकेट निकालकर भारतीय बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। भारत भले ही टी20 श्रृंखला 2-1 से जीत चुका है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की दो वनडे की जीत ने बहु-प्रारूप श्रृंखला में उसे 6-4 की बढ़त दिला दी है। भारत को न केवल तीसरे वनडे में बल्कि पर्थ में होने वाले एकमात्र टेस्ट में भी दम दिखाना होगा, ताकि इस दौरे का अंत निराशाजनक न हो ।

### टीम इस प्रकार हैं

**भारतः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शैफाली वर्मा, रेणुका ठाकुर, श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा, ₹ ांति गौड़, पत्रिकोह राणा, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, काशवी गौतम, हरलीन देयोल, प्रतिका रावल।

**ऑस्ट्रेलियाः** एलिसा हीली (कप्तान), सोफी मोलिनी (उप-कप्तान), डार्सी ब्राउन, निकोला कैरी, एशले गार्डनर, किम गार्थ, अलाना किंग, फीबी लिट्चफील्ड, बेथ मूनी, ताहलिया मैकग्रा, एलीसे पेरी, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

## पिता के निधन के बाद रिंकू ने निभाई जिम्मेदारी

**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा स्टार रिंकू सिंह अपने जीवन के सबसे कठिन दौर से गुजर रहे हैं। टी20 वर्ल्ड कप 2026 के बीच उनके पिता का निधन हो गया, लेकिन इस गहरे दुख के बावजूद रिंकू ने हिम्मत दिखाते हुए टीम इंडिया में दोबारा शामिल हो गए है और वेस्टइंडीज के खिलाफ कोलकाता के इडन गार्डन में होने वाले मैच के लिए तैयार हैं। रिंकू 26 फरवरी को भारत और जिम्बावे के बीच खेले गए मैच में मैदान पर मौजूद थे। हालांकि वे प्लेइंग-11 का हिस्सा नहीं थे, लेकिन सब्सटीट्यूट फील्डर के रूप में उन्होंने अपनी भूमिका निभाई। मैच खत्म होने के कुछ घंटे बाद, 27 फरवरी की सुबह उन्हें उनके पिता खानचंद सिंह के निधन की दुखद सूचना मिली। सूचना मिलते ही रिंकू चेन्नई से सीधे अपने शहर अलीगढ़ पहुँचे और अपने पिता के पार्थिव शरीर को कंधा देकर अंतिम संस्कार किया। इससे पहले भी, वह टूर्नामेंट के दौरान अपने पिता की खराब तबीयत के चलते अस्पताल गए थे।

# लवलीना और निकहत की अगुआई में उतरेगा भारत



**मुम्बई,एजेंसी**

ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन 28 मार्च से 11 अप्रैल तक मंगोलिया में होने वाली एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत की 20 सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगी। भारत ने एक महीने तक चली गहन मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद 20 सदस्यीय टीम का चयन किया है। जनवरी में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के बाद संभावित खिलाड़ियों को पटियाला में चल रहे राष्ट्रीय शिविर में शामिल किया गया था।

राष्ट्रमंडल खेल और एशियाड के लिए अहम है टूर्नामेंट

चयन नीति के अनुसार एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए चुना जाएगा। इससे इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप का महत्व बढ़ गया है। स्पेन में हाल ही में बॉक्सम एलीट चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली लवलीना (75 किग्रा) महिला टीम की अगुआई करेंगी। स्पेन में स्वर्ण पदक जीतने वाली अन्य खिलाड़ियों प्रीति (54 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) और प्रिया (60 किग्रा) है।

## अरुण जेटली स्टेडियम में होगा मुकाबला

**नई दिल्ली ।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर-8 चरण में रविवार दोपहर नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका जिम्बाब्वे आमने-सामने होंगी। प्रोटियाज अपनी अजेय लय को सात मैचों तक बढ़ाना चाहेंगे, जबकि जिम्बाब्वे टूर्नामेंट का समापन सम्मानजनक तरीके से करना चाहेगा। दक्षिण अफ्रीका इस वर्ल्ड कप में अब तक अपने सभी छह मुकाबले जीत चुका है और 10 के नेट रन रेट के साथ सबसे दमदार टीम के रूप में उभरा है। टीम अगर जिम्बाब्वे को मात देती है, तो यह टी20 प्रारूप में उसकी दूसरी सबसे लंबी जीत की श्रृंखला बन जाएगी। कप्तान एडन मार्रक्रम बेहतरीन फॉर्म में हैं। वे 178 की स्ट्राइक रेट से 264 रन बना चुके हैं।

# सुजीत कलकल ने बढ़ाया भारत का मान, स्वर्ण जीता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अंडर-23 विश्व चैंपियन सुजीत कलकल ने मुहामेट मालो 2026 कुश्ती टूर्नामेंट में पुरुषों की 65 किग्रा फ्रीस्टाइल कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीता। 23 साल के भारतीय पहलवान ने फाइनल में अजरबैजान के राशिद बाबाजादे को 10-0 से हराया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में जॉर्जिया के नीका जकाशविली को 10-0 से हराने और अल्बानिया के एंड्रियो अवदली पर 16-4 की जीत के साथ अपने कैंपेन की शुरुआत करने के बाद सेमीफाइनल में अमेरिका के दो बार के पैन अमेरिकन चैंपियन जोसेफ मैककेना पर 11-0 से शानदार जीत हासिल की।

क्रोएशिया में भी जीता था स्वर्ण

इस महीने की शुरुआत में क्रोएशिया में जाग्रेब ओपन जीतने के बाद, यह 2026 यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग रैंकिंग सीरीज में सुजीत का लगातार दूसरा स्वर्ण पदक है। सुजीत ने एंड्रियो अवदली पर 16-4 से जीत के साथ वार्म अप किया, जिन्होंने बाउट की शुरुआत में भारतीय खिलाड़ी को चार अंक पर पटक दिया था। नीका जकाशविली (जॉर्जिया) अगले 10-0 से हार गए, इससे पहले सुजीत ने जोसेफ मैककेना (अमेरिका) को 11-0 से हराया, यह स्कोर जाग्रेब ओपन के सेमीफाइनल जैसा ही था।



10-0 से राशिद को हराकर विजेता बने

राशिद, जिन्होंने सेमीफाइनल में विटाली अरुजाउ (अमेरिका) के खिलाफ 16-13 से जीत हासिल की थी, वे फाइनल में मुकाबला नहीं कर पाए। सुजीत ने उन्हें 10-0 से हराकर लगातार दूसरा रैंकिंग सीरीज स्वर्ण पदक जीता। कुल मिलाकर, यह यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग रैंकिंग सीरीज सर्किट में सुजीत का चौथा स्वर्ण पदक था। इससे पहले उन्होंने 2022 जैहैर शघायर और 2025 पोलाक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल में टॉप स्थान हासिल किया था। इसी कैटेगरी में हिस्सा ले रहे भारत के मोहित कुमार क्वालिफाइंग राउंड से आगे नहीं बढ़ पाए।

57 किग्रा श्रेणी में अंकुश और आतिश टोडकर ने कांस्य पदक तक पहुंचने के लिए रेपेचेज में मुकाबला किया, लेकिन अपने-अपने मैचों में हार गए। इस बीच, सुमित (57 किग्रा), राहुल (61 किग्रा), सिद्धार्थ (70 किग्रा), परविंदर (74 किग्रा), और आर्यन (86 किग्रा) अपने-अपने वेट डिवीजन में मेडल राउंड तक पहुंचने में नाकाम रहे। भारत ने मुहामेट मालो 2026 के लिए 48 सदस्यों की कुश्ती टीम भेजी थी, जिसमें पुरुषों की फ्रीस्टाइल, महिलाओं की डिवीजन और ग्रीको-रोमन कैटेगरी में 16-16 लोग शामिल थे।

# जम्मू-कश्मीर ने रचा इतिहास पहली बार रणजी ट्रॉफी जीती



**हुबली, एजेंसी**


जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम ने रणजी ट्रॉफी के इतिहास में नया अध्याय लिख दिया है। पारस डोगरा की कप्तानी में टीम ने पहली बार प्रतिष्ठित रणजी ट्रॉफी अपने नाम कर ली। हुबली के डी.आर. बेंद्रे क्रिकेट स्टेडियम में कर्नाटक के खिलाफ खेले गए फाइनल मुकाबले का परिणाम ड्रॉ रहा, लेकिन पहली पारी में मिली विशाल बढ़त के आधार पर जम्मू-कश्मीर को विजेता घोषित किया गया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जम्मू-कश्मीर ने शानदार शुरुआत की। टीम ने पहली पारी में 584 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

शुभम पुंडिर ने 121 रनों की बेहतरीन पारी खेली, जबकि यावेर हसन खान ने 88, साहिल लोतरा ने 72, कन्हैया वधावन और कप्तान पारस डोगरा ने 70-70 रन का योगदान दिया। कर्नाटक की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा ने पांच विकेट झटके, लेकिन जम्मू-कश्मीर की मजबूत बल्लेबाजी को रोकना आसान साबित नहीं हुआ।

## व्यापार

# सोना 170000 प्रति 10 ग्राम और चांदी 300000 लाख रुपये तह पहुंच सकती है



**मुंबई ,एजेंसी**

इजरायल ने फिर ईरान पर हमला कर दिया है। इजरायली रक्षामंत्री ने इसकी पुष्टि कर दी है। रिपोर्ट के अनुसार इजरायल ने ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। हमले पर ईरान की कड़ी प्रतिक्रिया सामने आ गई है। ईरान की प्रतिक्रिया जिस तरह से सामने आई है उससे साफ है कि यह तनाव शायद ही जल्द समाप्त हो। अगर अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच तनाव बढ़ता है, तब इसका सीधा असर सोने और चांदी की कीमतों पर होगा। आने वाले समय में गोल्ड और सिल्वर के दाम इजाफा देखने को मिल सकता है। जानकारों का मानना है कि घरेलू बाजार में सोने का भाव 170000 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी फिर से 300000 लाख रुपये के स्तर तक पहुंच सकती है।

सेबी रजिस्टर्ड मार्केट एक्सपर्ट बताते हैं, अमेरिका-ईरान तनाव की वजह से अनिश्चितता के दौर में इजाफा होगा। निवेशक ऐसी परस्थिति में सुरक्षित निवेश की तलाश करेगा। हम सोने और चांदी की कीमतों में तेजी की उम्मीद कर रहे हैं। एक्सपर्ट कहते हैं, सीओएमईएक्स गोल्ड रेट 5300 डॉलर प्रति आउंस के स्तर पर चुनौतियों का सामना कर रहा है। इसके ऊपर जाने पर भारत में सोने का भाव 168000 रुपये प्रति 10 ग्राम से 170000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक जा सकता है।

सीओएमईएक्स सिल्वर रेट 93 डॉलर प्रति आउंस के स्तर पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतें 95 डॉलर प्रति आउंस के स्तर पर चुनौतियों का सामना कर रही हैं। एक्सपर्ट मानते हैं, अगर सीओएमईएक्स सिल्वर रेट 95 डॉलर प्रति आउंस के स्तर को क्रॉस करने में सफल रही तब यह फिर से 100 डॉलर प्रति आउंस के स्तर तक पहुंच सकती है। भारत में चांदी की कीमतें फिर से 300000 लाख रुपये के स्तर तक जा सकता है। हालिया समय में सोने और चांदी की कीमतों में तेज उछाल देखने को मिली है। हालांकि, उस हिसाब से फरवरी का महीना नहीं बीता है।

### सप्ताह मिलाजुला रुझान देखा गया

- सेंसेक्स और निफ्टी में साप्ताहिक आधार पर एक फीसदी से अधिक तेजी रही

भारतीय शेयर बाजार ने इस सप्ताह मिश्रित रुझान दिखाया, जिसमें शुरुआती मजबूती के बाद मध्य और अंत में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। बाजार के जानकारों का कहना है कि वैश्विक बाजार के कमजोर संकेतों और बढ़ते भू-राजनीतिक जोखिमों के बीच भारतीय बाजारों में स्थिरता बनी रही, निवेशकों का नजरिया तेजी से सतर्क हो गया। पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच जारी संघर्ष ने भी बाजार में अनिश्चितता पैदा कर दी है। इस तनाव की वजह से निवेशकों का भरोसा डगमगाया है। जिससे सप्ताह के आखिर में शेयर बाजार में एक फीसदी से अधिक की गिरावट देखी गई। सप्ताह की शुरुआत सोमवार को हरे निशान से हुई, जब वैश्विक बाजारों में तेजी और बैंक एवं सेवा क्षेत्र में खरीदारी के चलते प्रमुख सूचकांक बढ़त के साथ खुले। बीएसई सेंसेक्स ने 621.78 अंकों की बढ़त के साथ 83,436.49 पर, जबकि एनएसई निफ्टी 180.05 अंकों की तेजी के साथ 25,751.30 पर कारोबार शुरू किया।

## प्रोटेरियल आंध्र प्रदेश में लगाएगी मेटग्लास संयंत्र

**नई दिल्ली ।** जापान की विशेष इस्पात एवं धातु उत्पाद निर्माता प्रोटेरियल (पूर्व में हिताची मैटल) ने आंध्र प्रदेश में 30,000 टन प्रति वर्ष (टीपीए) क्षमता का मेटग्लास संयंत्र स्थापित करने की योजना की घोषणा की है। यह परियोजना भारत सरकार की स्पेशलिटी स्टील के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) 1.2 योजना के तहत विकसित की जाएगी। कंपनी के एक प्रमुख अधिकारी ने एक साक्षात्कार में बताया कि संयंत्र के चालू होने के बाद यह भारत के लगभग आधे अमॉर्फस इलेक्ट्रिकल स्टील आयात की जगह ले सकेगा। उन्होंने कहा कि अगले तीन से पांच वर्षों में देश की इस श्रेणी में आयात निर्भरता लगभग समाप्त की जा सकती है। यह अत्याधुनिक संयंत्र श्री सिटी में स्थापित किया जाएगा और अक्टूबर 2026 तक इसके शुरू होने की उम्मीद है। मेटग्लास एक अमॉर्फस धातु सामग्री है।

# फिर बढ़ी महंगाईः फरवरी में सीमेंट की औसत कीमत 342 रुपये प्रति बोरी पहुंची

**नई दिल्ली,एजेंसी**

फरवरी में सीमेंट बाजार ने मिलीजुली तस्वीर पेश की। जनवरी में बढ़ी कीमतों के बाद उम्मीद थी कि रुझान और मजबूत होगा, लेकिन स्थिति न तो बहुत तेज रही और न ही पूरी तरह सुस्त। पूरे देश में औसत ट्रेड कीमत 2 रुपये बढ़कर 342 रुपये प्रति बोरी हो गई। क्षेत्रीय तौर पर हालात अलग रहे। पश्चिम भारत में दाम 7 रुपये प्रति बोरी तक बढ़कर सबसे मजबूत प्रदर्शन किया। पूर्व में 4 रुपये और उत्तर में 3 रुपये की तेजी रही।

मध्य भारत में कीमतें लगभग स्थिर रहीं, जबकि दक्षिण भारत में औसतन 2 रुपये प्रति बोरी की गिरावट दर्ज की गई। कुछ बाजारों में महीने की शुरुआत में बढ़ी कीमतें बाद में सामान्य हो गईं। जनवरी और फरवरी मिलाकर चालू तिमाही में औसत दाम पिछली तिमाही से करीब 1 प्रतिशत अधिक रहे। इससे कंपनियों को थोड़ी राहत मिली। बाजार को इस बार बड़े निर्माण और



सरकारी प्रोजेक्ट्स का सहारा मिला। खुदरा बाजार में दाम 0 से 15 रुपये प्रति बोरी ऊपर-नीचे रहे, जबकि बड़े ऑर्डर वाले सौदों में 0 से 20 रुपये तक बढ़त दर्ज हुई। ज्यादातर जगहों पर मांग जनवरी की तुलना में बेहतर रही, लेकिन खुदरा खरीदार अभी पूरी ताकत से नहीं उतरे।

मार्च के पहले 10 दिन होली के कारण कामकाज धीमा रह सकता है। मार्च में बड़ी बढ़ोतरी की संभावना ज्यादातर इलाकों में कम है।

हालांकि बिहार, पश्चिम बंगाल और दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में 10-15 रुपये प्रति बोरी तक दाम बढ़ाने की तैयारी चल रही है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि फिलहाल मांग ठीक है, इसलिए अचानक बड़ी गिरावट की संभावना कम है। असली परीक्षा यह होगी कि कंपनियां बढ़े हुए दाम को कितने समय तक संभाल पाती हैं।

## भारत, यूरोपीय संघ के व्यापार समझौते में मध्यस्थता से जुड़ा परिशिष्ट शामिल

**नई दिल्ली,एजेंसी**

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) ने हाल ही में बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के निष्कर्ष की घोषणा की। समझौते पर विधिक परीक्षण के बाद हस्ताक्षर होने की संभावना है और इसे अगले वर्ष लागू किया जा सकता है। एफटीए में मॉडल मध्यस्थता प्रक्रिया पर एक अलग परिशिष्ट शामिल है, जिसका उद्देश्य विवादों का त्वरित और आपसी सहमति से समाधान करना है। समझौते के अनुसार भारत या ईयू कोई भी पक्ष ऐसे उपाय के खिलाफ मध्यस्थता की मांग कर सकता है, जो द्विपक्षीय व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव डालता हो। हालांकि प्रक्रिया केवल दोनों पक्षों की आपसी सहमति से ही शुरू होगी। यदि निर्धारित समय-सीमा के भीतर मध्यस्थ की नियुक्ति पर सहमति नहीं बनती, तो मध्यस्थता का अनुरोध स्वतः निरस्त माना जाएगा।

मध्यस्थता आम तौर पर उस पक्ष के क्षेत्र में होगी, जिसके पास अनुरोध भेजा गया है, या आपसी सहमति से किसी अन्य स्थान या माध्यम से भी इसे आयोजित किया जा सकता है। मध्यस्थ की नियुक्ति के 60 दिनों के भीतर समाधान तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा। करीब दो दशक चली वार्ताओं के बाद संपन्न होगी।

## टाटा में चंद्रशेखरन के तीसरे कार्यकाल पर फैसला टला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के तीसरे कार्यकाल को लेकर निदेशक मंडल ने फैसला टाल दिया। यह बैठक ऐसे समय हुई जब टाटा ट्रस्ट, जो टाटा संस में 66 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है, ने पिछले साल सर्वसम्मति से उन्हें तीसरा कार्यकाल देने की सिफारिश की थी। सूत्रों के अनुसार टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा ने पुनर्नियुक्ति को लेकर कुछ शर्तें रखी थीं, जो इस प्रकार हैं- एयर इंडिया का अधिग्रहण और कंपनी के घाटे को लेकर चिंता में है।

**बदलाव** अब रेल टिकट लेने के लिए रेलवन ऐप डाउनलोड करना जरूरी होगा

# आज से बदलेंगे कई नियम, यात्रा, मोबाइल और गैस बजट पर पड़ेगा असर




**नई दिल्ली,एजेंसी**

1 मार्च से भारतीय रेलवे टिकट बुकिंग सिस्टम में बदलाव कर सकता है। पुराना यूटीएस ऐप बंद किया जा सकता है और अनारक्षित (जनरल) व प्लेटफॉर्म टिकट के लिए नया रेलवन ऐप अनिवार्य हो सकता है। यात्रियों को अब मोबाइल के जरिए टिकट लेना ज्यादा आसान तो होगा, लेकिन ऐप डाउनलोड करना जरूरी होगा। IRCTC के साथ यह नया डिजिटल विकल्प काम करेगा। काउंटर टिकट की सुविधा सीमित होने की भी संभावना है, इसलिए नियमित यात्रियों को पहले से तैयारी करनी चाहिए।

**एलपीजी सिलेंडर के नए दाम-** हर महीने की तरह 1 मार्च को घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर के रेट अपडेट हो सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों के आधार पर एलपीजी सस्ती या महंगी हो सकती है। अगर दाम बढ़ते हैं तो आम परिवारों के मासिक बजट पर असर पड़ेगा, वहीं कीमत घटने पर कुछ राहत मिल सकती है।

सिम बाइंडिंग और मैसेजिंग ऐप्स पर सख्ती- 1 मार्च से सिम बाइंडिंग अनिवार्य हो सकती है। यानी वाट्सएप और टेलीग्राम जैसे ऐप्स को एक्टिव मोबाइल नंबर से लिंक करना जरूरी होगा। बिना वेरिफाइड सिम के ऐप का उपयोग संभव नहीं होगा। मल्टी-डिवाइस और वेब लॉगिन पर भी अतिरिक्त सुरक्षा लागू हो सकती है। यह कदम डिजिटल फ्रॉड और फर्जी अकाउंट रोकने के लिए बताया जा रहा है, जिसे दूरसंचार विभाग लागू कर सकता है।

बैंकिंग और यूपीआई नियमों में अपडेट- कुछ बैंक न्यूनतम बैलेंस, सेविंग अकाउंट नियम और क्रेडिट कार्ड चार्ज में बदलाव कर सकते हैं। PI लेनदेन में अतिरिक्त ओटीपी या नई लिमिट लागू की जा सकती है। इसका मकसद ग्राहकों को धोखाधड़ी से बचाना है।

सीएनजी-पीएनजी कीमतों की समीक्षा- महीने की शुरुआत में सीएनजी और पीएनजी दरों की भी समीक्षा होती है। कीमत बढ़ने पर वाहन ईंधन और घरेलू गैस खर्च बढ़ सकता है।

# उद्योग मंत्री ने कॉलोनी को दी अंडरग्राउंड सीवरेज लाइन की सौगात

विजय मत/ रायपुर

कोरबा नगर विधायक और कैबिनेट मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने आज कोरबा नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 25 शिवाजी नगर एवं वार्ड क्रमांक 27 महाराणा प्रताप नगर कॉलोनी की बहुप्रतीक्षित नई सीवरेज लाइन निर्माण 14.40 करोड़ के लागत के कार्य का नारियल तोड़कर शुभारम्भ किया। एमपी नगर स्थित उद्यान में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्री देवांगन ने सम्बोधित करते हुए कहा कि दोनों ही कॉलोनी आज शहर के मुख्य आवासीय कॉलोनी हैं, लेकिन यहां की सीवरेज लाइन



की समस्या विगत कुछ वर्षो से बदहाल थी। कॉलोनी की लंबे समय से नई सीवरेज लाइन के निर्माण की मांग थी।

विधानसभा चुनाव में जब मुझे आप सभी के बीच संवाद कर आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर मिला था तब आप सभी ने इस बहुप्रतीक्षित कार्य की मांग की थी तब मैंने वादा किया था कि नई सीवरेज लाइन का निर्माण हर हाल में किया जाएगा। आप सभी को बताते हुए हर्ष हो रहा है की इस बहुप्रतीक्षित कार्य को लेकर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने 15 वें वित्त आयोग मद से तत्काल राशि की स्वीकृति प्रदान की और आज इस कार्य का शुभारम्भ किया जा रहा है।

दोनों ही कॉलोनी के 3350 मकानों की नई सीवरेज लाइन का लाभ मिलेगा। 14.4 किलोमीटर लंबी सीवरेज लाइन का निर्माण होगा। मंत्री देवांगन ने कहा कि सुशासन की सरकार एक ही पहचान है विकास और तेज विकास। ट्रिपल इंजन की सरकार में कोरबा नगर के विकास के लिए पर्याप्त राशि मिल रही है। उन्होने अधिकारियों से समयसीमा में पूरी गुणवत्ता के साथ काम करने के निर्देश दिया।

## शहर की हर छोड़ी-बड़ी समस्या के निजात हेतु तेजी से काम: महापौर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर संजू देवी राजपूत ने कहा कि कोरबा नगर में कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन के नेतृत्व में कोरबा नगर निगम हर छोटी से बड़ी समस्याओ के निजात के लिए काम तेज गति से जारी है। विकास के लिए फंड लगातार प्राप्त हो रहा है। शहर को सुव्यवस्थित एवं सुसज्जितकरने की दिशा मे कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही है। इस अवसर पर दोनों ही वार्ड के क्षेत्रवासियों ने मंत्री श्री देवांगन एवं महापौर सीमती संजू देवी राजपूत का महामाला से अभिनंदन कर आभार जताया। क्षेत्र वासियों ने कहा कि लंबे समय से इस कार्य की मांग की जा रही थी, फंड के अभाव में कार्य की स्वीकृति नही मिल पा रही थी। इस अवसर पर पार्षद वर्षा दिनेश वैष्णव, अनुज जायसवाल,अशोक चावलानी, नरेंद्र देवांगन, पंकज देवांगन, अजय गौंड, ज्योति वर्मा, सोनू भाटिया, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी,मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, धर्मपाल सोलंकी, नितिन चतुवेर्दी, पुनीराम साहू, ईश्वर साहू, प्रकाश अग्रवाल सहित दोनों वार्ड के गणमान्य जन अधिक संख्या मे उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने सरगुजा के 52 हजार से अधिक किसानों को दी होली की सौगात



● कृषक उन्नति योजना अंतर्गत वृहद किसान सम्मेलन में आदान सहायता राशि का हुआ वितरण

विजय मत/ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज प्रदेश के अन्नदाताओं को होली पर्व से पूर्व बड़ी सौगात दी है। जिला मुख्यालय अम्बिकापुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित ह्यकृषक उन्नति योजनाह्न के तहत आदान सहायता राशि वितरण समारोह एवं वृहद किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर सरगुजा जिले के 52 हजार 553 किसानों के बैंक खातों में धान की अंतर राशि के रूप में 237,899.97 लाख रुपये का अंतरण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यटन, संस्कृति एवं धार्मिक न्यास मंत्री राजेश अग्रवाल ने इस अवसर पर प्रतीक स्वरूप पाँच किसानों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में धान की बंपर रिकॉर्ड खरीदी हुई है। उन्होंने कहा कि आज जिले के 52,553 किसानों को उनके परिश्रम का उचित मूल्य मिला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए विष्णु सरकार ने 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से धान खरीदी की है। होली के पावन पर्व से पहले यह अंतर राशि किसानों के लिए सरकार का बड़ा तोहफा है। कृषक उन्नति योजना के साथ-साथ भूमिहीन कृषि मजदूरों को भी 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। ऑनलाइन व्यवस्थाओं और गांव-गांव में सीएससी केंद्रों के माध्यम से किसानों की चिंता दूर की जा रही है।

जिला पंचायत सदस्य एवं कृषि स्थाई समिति की अध्यक्ष श्रीमती दिव्या सिंह सिसौदिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ ह्लधान का कटोराह्न है और किसान इसकी रीढ़ हैं। विष्णु सरकार में अब न केवल धान, बल्कि दलहन, तिलहन, रागी, कोदो और कुटकी उगाने वाले किसानों को भी आदान सहायता राशि प्रदान की जा रही है, जिससे खेती लाभ का व्यवसाय बन रही है। कलेक्टर अजीत वसंत ने बताया कि जिले में 39 प्राथमिक समितियों और 54 धान उपार्जन केंद्रों के माध्यम से सुचारू रूप से धान खरीदी संपन्न हुई है। शासन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाई, जिससे कोई भी किसान वंचित नहीं रहा। उन्होंने जानकारी दी कि धान उठाव का कार्य भी तेज गति से जारी है और आज मिली अंतर राशि से किसानों को आगामी खेती के कार्यों में बड़ी सुविधा होगी।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पायल सिंह तोमर, श्रीमती अनिमा केरकेट्टा, अम्बिकापुर जनपद पंचायत अध्यक्ष विक्रम सोनपाकर, उपाध्यक्ष सतीश यादव, नगर सभापति हरिमन्दर सिंह टिन्नी, पार्षद आलोक दुबे, भारत सिंह सिसौदिया, श्रीमती अरूणा सिंह, जन्मेजय मिश्रा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच-पंच और बड़ी संख्या में किसान, जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, एवं कृषि विभाग उप संचालक पितांबर दिवान सहित विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### सौम्या चौरसिया को शराब घोटाले के केस में मिली जमानत



**विजय मत/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले के केस में गिरफ्तार पूर्व सीएम भूपेश बघेल की डिप्टी सेक्रेटरी रहीं सौम्या चौरसिया को हाईकोर्ट ने जमानत दे दी है। हालांकि, कोर्ट ने कुछ शर्तें भी रखी हैं। ऐसे में उनका जेल से बाहर आना मुश्किल है। दरअसल, पूर्व सीएम भूपेश बघेल की डिप्टी सेक्रेटरी रहीं सौम्या चौरसिया को पहले कोयला घोटाले में गिरफ्तार किया गया था। लंबे समय तक जेल में रहने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दिया था। सौम्या चौरसिया ने अपनी गिरफ्तारी के बाद हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद उन्हें सुप्रीम कोर्ट का रूख करना पड़ा। सुप्रीम कोर्ट ने 9 फरवरी को सौम्या चौरसिया को हाईकोर्ट जाने का निर्देश दिया। जिसके बाद सौम्या चौरसिया ने हाईकोर्ट में दो याचिकाएं दायर की थी, जिसमें उन्होंने ईडी और ईओडब्ल्यू की गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। सौम्या की वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि, केंद्र और राज्य सरकार की जांच एजेंसियां नई-नई ऋक्रफदर्ज कर बार-बार गिरफ्तारी कर रही हैं। यह सब राजनीतिक षड्यंत्र के तहत किया जा रहा है। याचिका में यह भी कहा कि अब तक उन्हें 6 बार हिरासत में लिया जा चुका है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह पहले हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर करें। साथ ही हाईकोर्ट को उनकी याचिका पर प्राथमिकता से सुनवाई करने कहा था।

### सरकार ने किसानों का 2622 करोड़ रू. नहीं दिया: कांग्रेस



**विजय मत/रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि साय सरकार ने किसानों के खाते में आधा अधूरा अंतर राशि डाला है। यह अंतर राशि समर्थन मूल्य और 3100 रू. घोषित मूल्य के बीच की राशि है। जबकि दो सालों में धान के समर्थन मूल्य में 117+89=206 रू. की बढ़ोत्तरी हुई। अतः सरकार अंतर राशि की गणना 3286 के आधार पर की जानी चाहिए। सरकार 3100 के हिसाब से कीमत देकर सरकार किसानों से धोखा कर रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 1 एकड़ में 21 क्विंटल के हिसाब से खरीदी हुई। इस प्रकार 21186=3906 रू. प्रति एकड़ सरकार किसानों को नहीं दे रही। इस वर्ष 141 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है। इस हिसाब से किसानों का 2622 करोड़ रू. सरकार नहीं दे रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा का चरित्र किसान विरोधी है। सरकार ने इस वर्ष 7 लाख किसानों से धान नहीं खरीदा। सरकार ने खुद के द्वारा घोषित लक्ष्य से भी कम धान खरीदा, षड़यंत्र करके लाखों किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन नहीं करने दिया गया, अब सरकार किसानों को पूरा राशि भी नहीं दे रही है।

### कृषक उन्नति योजनांतर्गत बस्तर जिले के 40 हजार से ज्यादा किसानों को मिले 205.95 करोड़ रूपए

# जगदलपुर के वृहद किसान सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री शर्मा हुए शामिल

● विधायक किरण सिंह देव सहित बड़ी संख्या में कृषक हुए शामिल

विजय मत/ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बिलासपुर से प्रदेश के 25 लाख किसानों को 10 हजार 328 करोड़ रुपए से अधिक राशि किसानों के खातों में हस्तांतरित किया। इस कार्यक्रम में वर्चुअली जगदलपुर के वीर सावरकर भवन में आयोजित आदान सहायता कार्यक्रम एवं वृहद किसान सम्मेलन से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी शामिल हुए।

इस दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने अपने वादे के मुताबिक समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की अंतर की राशि



को एकमुश्त देकर किसानों की होली त्योहार की खुशी को दुगुनी कर दी है। राज्य सरकार किसानों के हितों के लिए संवेदनशील होकर पहल कर रही है और वर्तमान बजट में भी उनकी सहायता के लिए अनेक किसान हितैषी प्रावधान किया गया है। जिससे किसानों को उन्नत खेती किसानी के लिए सहूलियत होगी।

उन्होंने सहकार से समृद्धि को रेखांकित करते हुए कहा कि बस्तर में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने सहित लघु वनोपज संग्रहण एवं प्रसंस्करण के लिए सहकारी समितियों एवं महिला स्व सहायता समूहों को हरसंभव मदद देने, सिंचाई संसाधनों को बेहतर बनाने प्रयास किया जा रहा है ताकि यहां के निवासियों की आमदनी बढ़े और बस्तर की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो।

उन्होंने बस्तर की बेहतरी और तरक्की में समाज की व्यापक सहभागिता पर जोर देते हुए इस दिशा में सभी को मिलजुल कर कार्य करने का आव्हान किया। इस मौके पर स्थानीय विधायक किरण देव ने हल्बी में संबोधित करते हुए किसानों को होली त्योहार की हार्दिक बधाई दी और कहा कि हमारी सरकार के निर्णय से किसानों के परिवारों में उत्सव का माहौल है उनकी होली की खुशियां बढ़ गई है। यह हमारी सरकार की किसान हितैषी सकारात्मक प्रयास है।

वीर सावरकर भवन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जगदलपुर महापौर संजय पांडे, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष दिनेश कश्यप, जिला पंचायत की कृषि स्थायी समिति के अध्यक्ष कामदेव बघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## किसानों को आदान सहायता राशि का किया वितरण

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर से मिली जानकारी के अनुसार बस्तर जिले के 40,667 किसानों को 205.95 करोड़ रुपये की आदान सहायता राशि का वितरण किया गया। जिसमें मोटा धान पर 731 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रोत्साहन राशि सीधे किसानों के बैंक खाते में अंतरित की गई है। जिले में इस योजना का सर्वाधिक लाभ बकावण्ड और बस्तर ब्लॉक के किसानों को मिल रहा है, जहाँ क्रमशः 67.90 करोड़ रुपए और 55.78 करोड़ रुपए की राशि सीधे किसानों के बैंक खाते में अंतरित की गई।

# आर्थिक अभाव अब प्रतिभा की राह में नहीं बनेगा बाधा, कला-संस्कृति को मिलेगा नया आयाम

विजय मत/रायपुर

छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक एवं सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और प्रतिभाशाली युवाओं को प्रोत्साहन देने की दिशा में संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ ने अथार्भावग्रस्त होनहार युवा कलाकारों एवं विद्यार्थियों के लिए वर्ष 2026-27 की छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत प्रविष्टियां आमंत्रित की हैं। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली युवाओं को कला के क्षेत्र में प्रशिक्षण एवं उच्च शिक्षा के लिए आवश्यक आर्थिक सहयोग प्रदान करना है।

प्रविष्टियां निर्धारित प्रारूप में पूर्ण दस्तावेजों सहित पंजीकृत डाक के माध्यम से 20 मार्च 2026 तक आमंत्रित की गई हैं। राज्य सरकार का उद्देश्य है




कि आर्थिक अभाव किसी भी प्रतिभाशाली युवा की प्रगति में बाधा न बने। छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक एवं जनजातीय सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और संवर्धित करने की दिशा में यह छात्रवृत्ति योजना एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल न केवल युवा कलाकारों को आर्थिक संबल प्रदान करेगी, बल्कि प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में भी सहायक सिद्ध होगी।

विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार छात्रवृत्ति प्रोत्साहन हेतु विभिन्न विद्याएं एवं उपविद्याएं निर्धारित की गई हैं। लोक एवं पारंपरिक जनजातीय कलाओं के अंतर्गत छत्तीसगढ़ की समस्त पारंपरिक जनजातीय एवं लोक नृत्य, नृत्य-गीत, लोकसंगीत, पारंपरिक खेल, वाद्य, पंडवानी, ददरिया, करमा, सुवा, राउत नाचा, गोंडी सहित अन्य जनजातीय गायन-वादन एवं लोक परंपराएं सम्मिलित हैं।

## एसके रायपुर मैराथन आज

**विजय मत/रायपुर।** फिटनेस, ऊर्जा और जागरूकता के संदेश को लेकर रायपुर एक बार फिर रविवार को सुबह 4.30 बजे दौड़ने के लिए तैयार है। लेट्स रन टुवर्ड्स अ हेल्थियर इंडिया एंड अ सेफर डिजिटल इंडिया थीम के साथ आयोजित इस मैराथन में फिटनेस के साथ सामाजिक जागरूकता का संदेश भी प्रमुख रहेगा। आयोजन में सेलिब्रिटी गेस्ट रणविजय सिंघा की मौजूदगी प्रतिभागियों के लिए खास आकर्षण होगी। मैराथन का पोस्टर छत्तीसगढ़ के आईजी बद्रीनारायण मीणा द्वारा लॉन्च किया गया। आईआईईएमआर के निदेशक और मैराथन के आयोजक मुकेश मिश्रा ने कहा संस्कृति युवा संस्था और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इवेंट मैनेजमेंट (आईआईईएमआर) द्वारा एसके फाइनेंस और साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड के सहयोग से यह मैराथन आयोजित किया जा रहा है।

# रायपुर के डाकघर में हुए करोड़ों के घोटाले की जांच करेगी सीबीआई

विजय मत/रायपुर

रविशंकर विश्वविद्यालय उप डाकघर में हुए करोड़ों के बचत घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपे जाने की खबर है। उससे पहले विभाग में पूरी सघनता से चल रही है। इस मामले में घोटाले के समय और बाद में उपडाकघर से लेकर अधीक्षक, सीपीएमजी कार्यालय में पदस्थ रहे 2 दर्जन से अधिक अधिकारी कर्मचारियों के बयान लिए जा रहे हैं। इनमें से वे अधिकारी भी शामिल हैं जिन पर ऐसी गड़बड़ी रोकने और होने की स्थिति में जांच और कार्रवाई की जिम्मेदारी थी। जिसका निर्वहन उन्होंने नहीं किया। इसके पीछे के कारण भी पूछे जा रहे हैं।

यह भी बताया कि इन लोगों ने एक ऐसे भी अधिकारी हैं जो इस समय डेपुटेशन पर दक्षिणी राज्य में पदस्थ हैं। अब तक हुई जांच के हवाले से विभागीय अधिकारी



गड़बड़ी के आंकड़े को 20 करोड़ पार बता रहे हैं। इस बीच विभाग में खबर है कि पीड़ित अनिल पांडे मामले में विभाग को 1.91 करोड़ के भुगतान आदेश के बाद इस घोटाले से प्रभावित अन्य लोगों ने भी उपभोक्ता आयोग में याचिका दायर कर दी है। इन सबके निवेश राशि 20 करोड़ से अधिक आंकी गई है।

इस मामले पर पिछले महीने राज्य आयोग का आदेश आते ही सीपीएमजी अजय सिंह चौहान स्वयं जांच में जुट गए थे। उन्होंने संभागीय कार्यालय और परिमंडल कार्यालय में विजिलेंस प्रकोष्ठ के अधिकारियों से पूछताछ और दस्तावेजों की पड़ताल की। इसके बाद उन्होंने विजिलेंस अधिकारी को बदल दिया। परिमंडल कार्यालय में न?ए विजिलेंस अधिकारी की नियुक्ति की है। अब तक पदस्थ रहे पटेल की जगहप्रधान डाकघर में वरिष्ठ पोस्ट मास्टर पूजा तिवारी को एएसपी विजिलेंस नियुक्त किया था।

इस बीच चौहान ने प्रवर अधीक्षक से 10 दिनों के भीतर पूरी जांच रिपोर्ट देने कहा है। यह रिपोर्ट अगले दो तीन दिन में सौंपे जाने की जानकारी दी गई। इसके बाद मामला सीबीआई को सौंपा जा सकता है। सीबीआई पहले भी कई कर्मियों को पकड़ चुकी है>

यहां बता दें कि सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा का रायपुर में भी कार्यालय है। और उसने हाल के महीनों में बलौदा बाजार, बस्तर, सरगुजा क्षेत्र में कई डाक कर्मियों को रिश्वत लेते गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# गुरुकुल महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने दी सीनियर्स को भावभीनी विदाई

विजय मत / रायपुर

गुरुकुल महिला महाविद्यालय में आज द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। स्थानीय 'रंगमन्दिर' सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संगम देखने को मिला।कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। विदाई की इस बेला में द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने अपनी सीनियर्स के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। नृत्य, सुगम संगीत और



महाविद्यालय की यादों को समेटे हुए दर्शकों को भावुक कर दिया।छात्राओं ने बॉलीवुड और लोक गीतों पर नृत्य कर समां बांध दिया। अंतिम वर्ष की छात्राओं ने महाविद्यालय में बिताए अपने तीन वर्षों के अनुभव और शिक्षकों से मिले मार्गदर्शन को साझा किया। मिस फेयरवेल' का चयन भी किया गया। जिसमे बीएससी से वर्तिका साहू बीकॉम से दीपिका गायकवाड़ BCA से लोकेश्वरी बैस मिस फरेवेल रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा, ₹विदाई केवल एक पड़ाव है, अंत नहीं। हमें गर्व है कि हमारी छात्राएं आत्मविश्वास के साथ दुनिया के नए मंचों पर अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार हैं।

# बस्तर की सांस्कृतिक विरासत से अभिभूत हुई संयुक्त राष्ट्र की मेंटर

● परंपरा, प्रकृति और आत्मीय आतिथ्य ने जीता दिल, पर्यटन संवर्धन को मिला वैश्विक दृष्टिकोण

विजय मत/रायपुर

छत्तीसगढ़ के बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में है। संयुक्त राष्ट्र की मेंटर एवं हिवा कोचिंग एंड कंसल्टिंग की संस्थापक सुकिर्सी ह्यवैरिनेन ने अपने छह दिवसीय प्रवास के दौरान बस्तर की जीवंत परंपराओं, लोक कला और जनजातीय संस्कृति को करीब से अनुभव



किया। प्रवास की समाप्ति पर शनिवार को उन्होंने बस्तर कलेक्टर आकाश छिकारा से औपचारिक मुलाकात कर अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन भी उपस्थित रहे। बैठक में बस्तर में सतत पर्यटन, सामुदायिक सहभागिता और वैश्विक स्तर पर ब्रांडिंग की संभावनाओं पर सार्थक चर्चा हुई। किर्सी ने विशेष रूप से धुड़मारास के भ्रमण का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां की प्राकृतिक छटा, जनजातीय जीवन शैली और पारंपरिक लोकाचार ने उन्हें गहराई से प्रभावित किया।

उन्होंने स्थानीय समुदायों के आत्मीय आतिथ्य, लोकनृत्यों, हस्तशिल्प और सांस्कृतिक आयोजनों की सराहना करते हुए कहा कि बस्तर की सांस्कृतिक जड़ें अत्यंत मजबूत और जीवंत हैं। यहां की परंपराएं केवल विरासत नहीं, बल्कि आज भी लोगों के जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, जो इसे विश्व के पर्यटकों के लिए एक विशिष्ट और अविस्मरणीय गंतव्य बनाती हैं।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय संवाद से बस्तर में सतत और समावेशी विकास की अवधारणा को और बल मिलेगा। प्रवास के समापन पर सुकिर्सी वैरिनेन भावुक नजर आईं। उन्होंने कहा कि बस्तर केवल एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि अनुभवों की ऐसी भूमि है जहां प्रकृति, संस्कृति और मानवीय संवेदनाएं एक साथ जीवंत हो उठती हैं।

## छह दिवसीय प्रवास के बाद भावुक होकर विदा हुई किर्सी

छह दिनों तक बस्तर के विभिन्न अंचलों का भ्रमण करने के दौरान उन्होंने ग्रामीण पर्यटन, स्थानीय उत्पादों, महिला स्व-सहायता समूहों की गतिविधियों और प्रकृति आधारित पर्यटन स्थलों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि बस्तर में सामुदायिक सहभागिता के साथ पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं हैं और यदि इसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप संरचित किया जाए, तो यह वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर एक सशक्त पहचान बना सकता है। कलेक्टर आकाश छिकारा ने सुकिर्सी के अनुभवों को बस्तर के पर्यटन संवर्धन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की सकारात्मक प्रतिक्रिया से न केवल स्थानीय पर्यटन को नई दिशा मिलेगी, बल्कि बस्तर की लोक कला, परंपराएं और प्राकृतिक धरोहर को वैश्विक मंच पर और सशक्त पहचान मिलेगी।


स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वावरा आशमा पब्लिशर्स प्राईवेट लिमिटेड , जयस्तभ चौक रायपुर से मुद्रित एवं डी -17, सेक्टर-1 गोंदवारा रोड, एकता नगर गुढ़ियारी रायपुर (छग) से प्रकाशित। **संपादक**- सीता शुक्ला। **प्रधान संपादक**- विजय शुक्ला ।
आर.एन.आई. पंजीयन नं. CHHHIN/2017/75508 (* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायीक क्षेत्र रायपुर (छग) होगा। मो. 8889977997